दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। बुधवार 08 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 20 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# अयोध्या के मिल्कीपुर में हो गया उपचुनाव का ऐलान
# 5 फरवरी को मतदान, 8 फरवरी को आएगा नतीजा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव का ऐलान हो गया है। पिछले साल जून से ही खाली पड़ी इस सीट पर चुनाव का इंतजार मंगलवार को चुनाव आयोग ने खत्म कर दिया है। यहां पर वोटिंग 5 फरवरी को होगी और नतीजा 8 फरवरी को आएगा। सत्तारूढ़ भाजपा और प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने यहां जीत दर्ज करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रखा है। यहां पर दिल्ली विधानसभा के साथ ही चुनाव होगा।



यूपी की मिल्कीपुर विधानसभा सीट समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद के इस्तीफे के बाद से सीट खाली पड़ी हुई है। उत्तर प्रदेश की 9 सीटों पर हाल ही में उपचुनाव संपन्न हुए हैं। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट का मामला कोर्ट में होने के कारण चुनाव नहीं हो पाया था। भाजपा और सपा दोनों ने ही यहां पर पूरी ताकत झोंकी हुई है।

मिल्कीपुर सीट पर समाजवादी पार्टी (रढ) और भारतीय जनता पार्टी (इखढ) के बीच कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। सपा नेता अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत को कैंडिडेट बनाया गया है। वहीं, भाजपा ने छह मंत्रियों को चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतारा है। अब तारीख सामने आने के बाद जल्द ही प्रत्याशी का ऐलान हो जाएगा।

भाजपा ने मंत्री जेपीएस राठौर और टछउ धर्मेंद्र सिंह के साथ ही स्वतंत्र देव सिंह, सतीश शर्मा, गिरीश यादव और मयंकेश्वर सिंह की एक और टीम भी हाईकमान द्वारा लगाई गई है। ये सभी मंत्री अयोध्या जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ मिलकर काम करेंगे। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी की तरफ से यहां से पूर्व विधायक और अयोध्या के वर्तमान सांसद अवधेश प्रसाद ने खुद ही कमान संभाल रखी है।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कुछ विषयों पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से चर्चा भी की।

# सांसद अतुल गर्ग ने कहा- तीनों विधायकों से करूंगा पहले बैठकर सलाह-मशविरा

## तीनों विधायक जिस पर करेंगे हां, उसी नाम पर मेरी भी लगेगी सहमति की मुहर





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संगठन अध्यक्ष का चुनाव होना है। मंडल अध्यक्षों को अपनी सहमति देनी है। प्रदेश अध्यक्ष को नाम तय करने हैं, लेकिन इन सबके बीच एक बड़ी सहमति लोकसभा की भी है। लोकसभा अपने आप में कई विधानसभाओं को, जिला पंचायत को, नगर निगम को, नगर पालिका परिषद को समहित किये हुए हैं। ये बड़ा पद होता है और इस पद की संस्तुति अहम मानी जाती है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की सहमति महानगर अध्यक्ष के लिये किस नाम पर लगेगी। उनके पैनल में कौन से तीन नाम जाएंगे, ये फैसला अतुल गर्ग ने अपने चार विधायकों पर छोड़ा है। तीन वाले नाम के सीन में चार विधायकों की राय को बड़ा किया है। सही मायनों में अतुल गर्ग ने पार्टी के लोकतंत्र का सम्मान किया है और पारदर्शिता की गुंजाइश बढ़ा दी है। भाजपा की परिपाटी पर चलते हुए उन्होंने सामूहिक फैसला यहां भी लेने की बात कही है। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि महानगर अध्यक्ष के लिये पैनल के तीन नाम जाने हैं। हमारे सभी कार्यकर्ता योग्य हैं। सभी कार्यकर्ता कर्मठ हैं और सभी कार्यकताओं ने मुझे समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा सांसद होने के नाते मुझे अपने पैनल से तीन नाम देने हैं। नामों को लेकर कोई गतिरोध ना रहे। नामों पर सामूहिक समर्थन की मुहर लगे और पारदर्शिता कायम रहे, यह मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मैं अपने पैनल के नाम से पहले साहिबाबाद विधायक तथा कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा तथा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप से सलाह मशविरा करुंगा। ये चार विधायक महानगर अध्यक्ष के लिये जो तीन नाम बताएंगे और जिन तीन नामों पर हमारी सबकी आपस में सहमति बनेगी वही तीन नाम मेरे पैनल के नाम होंगे।



कौन से तीन नाम हो सकते हैं के सवाल पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि भाजपा एक बड़ा परिवार है और जब हम भाजपा परिवार के सांसद और विधायक एक साथ बैठेंगे और नाम को लेकर अपनी-अपनी राय रखेंगे तब ये नाम फाइनल होंगे। अभी से बताना जल्दबाजी हो जाएगी और आपसी सहमति के बाद ही नाम भेज दिये जाएंगे।

# लगातार 31 दिन लागू रहेगी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में धारा-163

## प्रमुख पर्व, जयंती और आयोजनों को लेकर जारी की गई निषेधाज्ञा




### - जुलूस से लेकर प्रदर्शन की लेनी होगी अनुमति
### - डीजे की ध्वनि का रखना होगा ध्यान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में 16 फरवरी तक के लिए निषेधाज्ञा लागू करते हुए धारा-163 लागू कर दी गई है।

यह आगामी त्यौहार, पर्व और बड़े आयोजनों को ध्यान में रखते हुए लगाई गई है।

बता दें की 14 जनवरी को मोहम्मद हजरत अली का जन्मदिन है। तो वहीं मकर संक्रांति का पर्व भी है। वहीं 24 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्मदिन है। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 2 फरवरी को बसंत पंचमी और 12 फरवरी को संत रविदास जयंती के साथ ही 14 फरवरी को शबए बरात का त्यौहार है। ऐसे में जो भी धार्मिक, सांस्कृतिक समारोह, कार्यक्रम, विभिन्न राजनीतिक संगठनों के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उसके लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति के किसी भी प्रकार के ऐसे आयोजन नहीं होने दिए जाएंगे। वहीं पुलिस के अधिकारियों ने किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर 5 से अधिक व्यक्ति बिना सक्षम अधिकारी के आदेश की धरना, जुलूस, प्रदर्शन और एकत्रित नहीं होने दिया जाएगा। वहीं डीजे भी मानकों के अनुरूप ही बजाने की अनुमति रहेगी।

### प्रमुख बाहरी व्यक्तियों को आने से पूर्व देनी होगी सूचना

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ग्रामीण और ट्रांस हिंडन तीनों ही जोन में निशेधाज्ञा जारी करते हुए धारा- 163 तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। जो 16 फरवरी की रात 12 :00 बजे तक जारी रहेगी। इसके तहत कमिश्नरेट के किसी भी गांव, कस्बे ,मोहल्ले में किसी प्रमुख बाहरी व्यक्ति का प्रवेश बिना अनुमति के नहीं होगा। वहीं नियम तोड़ने वालों के खिलाफ शांति व्यवस्था भंग करने के तहत कार्रवाई भी की जाएगी।

### चाकू, भाला, तलवार लेकर नहीं कर सकेंगे प्रदर्शन

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थानाक्षेत्रों में निशेधाज्ञा जारी रहेगी, तो कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ, ऐसी वस्तु जिसका प्रयोग आक्रमण किए जाने में किया जा सकता है, जैसे चाकू, भाला, बरछी, तलवार, छुरा आदि को लेकर नहीं चलेगा ना ही इनको किसी स्थान पर एकत्रित करेगा और ना ही इसका सार्वजनिक प्रदर्शन करेगा। इस प्रतिबंध में पुलिसकर्मी अपने दायित्व के निर्वहन और दिव्यांगजन शस्त्र का प्रयोग कर सकेंगे।



### खुदरा पेट्रोल डीजल बेचने से लेकर कांच की बोतले स्टोर पर पाबंदी

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में धारा- 163 लागू कर दी गई है। इसके तहत सार्वजनिक स्थलों व अपने घरों की छत पर किसी प्रकार की ईंटें, पत्थर किसी प्रकार की मिट्टी, कांच की बोतले, सोडा वाटर की बोतलें व कोई भी ज्वलनशील पदार्थ जमा नहीं करने दिया जाएगा। वहीं पेट्रोल पंप मालिक व डीजल विक्रेताओं को पेट्रोल वाहनों के अलावा कंटेनर, जार या बोतलों में नहीं प्रदान करेंगे।



### भड़काऊ नारों और पोस्ट पर रहेगी नजर

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में धारा- 163 लागू की गई है। इसके साथ ही पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी निगरानी रखने का काम करेगी। साथ ही किसी भी प्रकार के धार्मिक संबंधी जातिगत अथवा राजनीतिक दलों की भावना भड़काने वाली पोस्ट, नारे आदि नहीं लगाई जा सकेंगे। ना ऐसे पंपलेट परिचय वितरित किए जाएंगे। जिससे वर्ग विशेष, जाति, धर्म अथवा राजनीतिक दल की भावनाएं आहत हों। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर मादक पदार्थों का सेवन करने पर पुलिस कार्रवाई करेगी।



# गाजियाबाद में अब कटेंगे 41 चौराहों पर ऑटोमैटिक चालान

## 1 फरवरी से शुरू हो जाएगा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का काम : नगरायुक्त



नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शुरू हो रहा है अभियान



### बिना हेलमेट और ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने वालों पर लगेगी लगाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सड़क हादसों में कमी लाने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अब नगर निगम की ओर से एक कदम आगे बढ़ाया जा रहा है। बिना हेलमेट और ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने वालों के लिए यह खबर सावधान करने वाली है।

नगर निगम गाजियाबाद शहर के 41 चौराहों पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत ऑटोमेटिक चालान मशीन और कैमरे लगाने का काम 1 फरवरी से शुरू करने वाला है। जिसके बाद शहरभर में नियम तोड़ने वालों की शामत आनी शुरू हो जाएगी। इस अभियान का जिम्मा नगर निगम गाजियाबाद ने उठाया है और इसका फायदा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत करने में भी मिलने वाला है। इस पूरे इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का टेंडर हो चुका है। जिसमें इफकान इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को टेंडर हुआ है, वर्क आर्डर भी चालू हो चुका है।

इसके तहत 51 करोड़ रुपए की लागत से इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट के तहत 41 प्रमुख चौराहों पर रेड लाइट और कैमरे लगाए जाएंगे।

### क्लीन सिटी के बाद अब सेफ सिटी मिशन को पूरा करेगा नगर निगम

**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा संबंधित टीमों को रफ्तार से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा है कि नगर निगम अब क्लीन सिटी के साथ ही सेफ सिटी योजना के अंतर्गत भी काम करेगा। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत चौराहों पर कैमरे लगाए जाएंगे। इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से जोड़ा जाएगा। इसके माध्यम से बिना हेलमेट और रेड लाइट तोड़ने वालों पर तत्काल कार्रवाई होगी और उनका चालान कटेगा। इसी के साथ-साथ नंबर प्लेट को भी ऑटोमेटिक स्कैन करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिससे ट्रैफिक मैनेजमेंट और यातायात सुरक्षा का सिस्टम मजबूत हो सके। इसकी मॉनीटरिंग के लिए भी कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। वहीं नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारियों का दावा है कि यह पूरा अभियान लगभग 8 महीनों के अंतर्गत पूरा होगा। जिसमें नगर निगम की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है।


### जमकर कटेंगे चालान और अपराधियों की भी होगी पहचान



**करंट क्राइम :** नगर निगम द्वारा शहर के 41 प्रमुख चौराहों पर ऑटोमेटिक चालान उपकरण कैमरे लगवाए जाएंगे। तो वहीं इस प्रोजेक्ट के तहत 53 करोड़ रुपए से इसका पूरा सिस्टम तैयार किया जाएगा। वहीं इस मामले में एडिशनल सीपी कार्यवाहक राजेश कुमार का कहना है कि इस अभियान और योजना के शुरू होने से पुलिस को भी बेहद लाभ मिलेगा। जहां ट्रैफिक पुलिस को चालान काटने में आसानी होगी ,तो वही अलग-अलग 41 स्थानों का पुलिस के पास वीडियो रिकॉर्डिंग डाटा उपलब्ध रहेगा। जिसके जरिए अपराधियों और लूटपाट करने वाले बदमाशों की पहचान भी आसान बनेगी।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव : 5 फरवरी को मतदान, 8 फरवरी को परिणाम




**नई दिल्ली।** दिल्ली में पांच फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी। पिछली बार की तरह इस बार भी मतदान एक चरण यानि एक दिन में ही होगा। वहीं मतगणना 08 फरवरी को होगी। दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव के शेड्यूल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के तहत सोमवार को अंतिम मतदाता सूची जारी की गई है। इस बार दिल्ली में कुल 1,55,24,858 मतदाता पंजीकृत हैं, जिसमें 29 अक्टूबर 2024 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची की तुलना में 1.09 फीसद की वृद्धि हुई है।

उन्होंने बताया, इस बार कुल पुरुष मतदाता 83,49,645 हैं, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 71,73,952 और थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 1,261 है। पिछले वर्ष के मुकाबले मतदाताओं की संख्या में 1.67 लाख की शुद्ध वृद्धि हुई है। इस विधानसभा चुनाव में महिलाओं की भूमिका अहम रहेगी। इस बार 18-19 आयु वर्ग के 52,554 मतदाता पहली बार जोड़े गए हैं। चुनाव आयोग को 16 दिसंबर, 2024 के बाद केवल 20 दिनों में 5.1 लाख फॉर्म-6 प्राप्त हुए, जो नए मतदाताओं के नामांकन के लिए आवेदन थे। यह संख्या अप्रत्याशित है और इसकी जांच के लिए चुनाव आयोग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं।

दिल्ली में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मतदाता पहचान पत्र बनवाने की शिकायतें आईं थी। इसे चुनाव आयोग ने गंभीरता से लिया था। चुनाव आयोग ने मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने के लिए झूठे और फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने के मामलों में 24 लोगों के खिलाफ आठ एफआईआर दर्ज की है। आयोग ने चेतावनी दी है कि इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली में सबसे बड़ी और छोटी विधानसभा सीटः चुनाव आयोग की ओर से जारी मतदाता सूची में बताया गया है कि दिल्ली का विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र सबसे बड़ा है, जहां पर 4,62,184 मतदाता हैं। वहीं सबसे छोटे निर्वाचन वाले विधानसभा क्षेत्र दिल्ली कैंट में 78,893 मतदाता हैं। सबसे अधिक लिंग अनुपात वाला विधानसभा क्षेत्र तिलक नगर है। यहां पर लिंग अनुपात 967 है। वहीं सबसे कम लिंक अनुपात वाला विधानसभा क्षेत्र ओखला है, यहां पर लिंग अनुपात 731 है।

## भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी के फिर बिगड़े बोल
# विक्टिम कार्ड खेलना बंद करें आतिशी



### बिधूड़ी का बयान नारी जाति का अपमान : कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव और प्रदेश प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने रमेश बिधूड़ी के बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि बिधूड़ी की ओर से प्रियंका गांधी के संदर्भ में अभद्र व अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल बेहद निंदनीय है। प्रियंका नारी सशक्तीकरण की मुखर आवाज हैं, लेकिन इस प्रकार की टिप्पणी केवल उनका ही नहीं, बल्कि समूची नारी जाति का अपमान है। भाजपा बिधूड़ी से सार्वजनिक माफी मंगवाए। महिलाओं के आत्मसम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए यह कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने बिधूड़ी के इस कृत्य पर कठोर कार्रवाई की भी मांग की है, ताकि भविष्य में कोई भी नेता ऐसी अमर्यादित भाषा का उपयोग करने से बचे।

**नई दिल्ली।** कालकाजी सीट से भाजपा के प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी की ओर से मुख्यमंत्री आतिशी के पिता के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी से राजनीतिक पारा चढ़ गया है। भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने एक बार फिर मुख्यमंत्री आतिशी को घेरा है। उन्होंने कहा कि आप विक्टिम कार्ड खेलना बंद करे। अफजल गुरू को लेकर अपना रूख पहले साफ करें। इस मामले पर पहले ही आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा को महिला विरोधी करार दिया है।

दिल्ली चुनाव की तारीखों से पहले आज कालकाजी से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने कहा कि जल्द ही दिल्ली की जनता आप-दा को सत्ता से बाहर भेजने वाली है। आप विक्टिम कार्ड का इस्तेमाल कर रही है। जबकि वह जानते हैं कि उनका पदार्फाश होने वाला है। मुख्यमंत्री मगरमच्छ के आंसू बहा रही हैं। लेकिन उन्हें पहले साफ करना चाहिए कि क्या वह अपने पिता के अफजल गुरू पर दिए गए बयान का समर्थन करती हैं।

कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने कहा कि ररमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी और आतिशी के बारे में जो कहा, वह पूरी तरह अस्वीकार्य और निंदनीय है। वह पहले ही कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव की दौड़ से बाहर हो चुके हैं। अब मैं सीएम आतिशी के साथ सीधे टकराव में हूं। जब मैं विधायक थी, तब एक भाजपा विधायक ने मेरे खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, लेकिन मैं रोई नहीं। मुझे अपनी शक्तियों का पता था और मैंने उसका इस्तेमाल करके उनसे बदला लिया और सुनिश्चित किया कि वह पूरे एक साल के लिए निलंबित रहें। वह एक निर्वाचित विधायक हैं और जब अरविंद केजरीवाल ने उन्हें टीसीएम (अस्थायी सीएम) कहा, तो वह अपमानित महसूस करने लगीं और रो पड़ीं। अरविंद केजरीवाल ने भी रमेश बिधूड़ी की तरह उनका अपमान किया है।

आप का आरोप है कि भाजपा महिलाओं का सम्मान नहीं करती है। भाजपा नेता के इस टिप्पणी विवाद के बाद सोमवार को आतिशी भावुक हो गईं। मुख्यमंत्री के भावुक होने के बाद आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उन्हें ढांढस बंधाया।

## पहाड़ से मैदान तक सर्दी का सितम जारी
# दिल्ली-एनसीआर ठिठुरने के लिए रहें तैयार... होगी बारिश, और गिरेगा पारा



**नई दिल्ली।** पश्चिम हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में चोटियों पर भारी हिमपात हुआ है। इससे इन राज्यों के साथ ही आसपास के अन्य मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ गई है। पश्चिम विक्षोभ और पूर्वी हवाओं के संपर्क में आने से 10-12 जनवरी के बीच उत्तर पश्चिम भारत में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री तक गिरावट भी आ सकती है। वहीं, पंजाब में अगले तीन दिन धुंध को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बीते 24 घंटों के दौरान कड़ाके की ठंड महसूस की गई। मंगलवार को पंजाब में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, 10 जनवरी को पंजाब में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके असर से तीन दिन पंजाब में कुछ जगहों पर बारिश की संभावना जताई गई है।

पंजाब के तापमान में सोमवार को 0.4 डिग्री की कमी दर्ज है। जम्मू-कश्मीर बीते 24 घंटे के दौरान भारी हिमपात हुआ। इसके बाद रात के पारे में वृद्धि दर्ज की गई। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.5 डिग्री नीचे दर्ज किया गया जो एक दिन पहले शून्य से 2.5 डिग्री नीचे था।

### हिमाचल में 200 सैलानी निकाले गए

हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी से शिमला-रामपुर-किन्नौर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया है। इसके चलते 50 वाहनों में 200 से ज्यादा सैलानी रास्ते में फंस गए। पुलिस ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद सैलानियों और उनके वाहनों को धीरे-धीरे निकालकर सुरक्षित स्थानों को भेजा। उधर, अटल टनल के पास बर्फबारी की वजह से सैलानियों को सोलंगनाला में ही रोक दिया गया है।

**राजधानी में कोहरे-बारिश ने बढ़ाई ठंड :** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह कुछ इलाकों में हल्की बारिश से ठंड बढ़ गई। अधिकतम तापमान रविवार के मुकाबले 1.7 डिग्री गिरकर 16.9 डिग्री सेल्सियस हो गया, जिसके चलते अधिक ठिठुरन महसूस हुई। न्यूनतम तापमान भी 0.2 डिग्री कम 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

**460 से अधिक उड़ानें प्रभावित :** कोहरे के चलते पालम व सफदरजंग में दृश्यता 300 मीटर रही, जिससे विमानों के संचालन पर असर पड़ा। 400 से अधिक उड़ानों में देरी हुई।

### दिल्ली-एनसीआर का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ गया है। दिल्ली में शाम चार बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 335 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में है। गाजियाबाद में एक्यूआई 257, नोएडा में 236 और ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 194 दर्ज किया गया।

# 'लाल आतंक' के खात्मे की डेडलाइन तय: गृहमंत्री अमित शाह ने जवानों के बलिदान के बाद किया वादा, व्यक्त की संवेदना




**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुए नक्सली हमले को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया है। अमित शाह ने मार्च 2026 तक देश से नक्सलियों को खत्म करने का संकल्प लिया और कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। शाह ने कहा कि एक आईईडी विस्फोट में डीआरजी के जवानों के बलिदान की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं बहादुर जवानों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

शाह ने आगे कहा कि इस दुख को शब्दों में व्यक्त करना असंभव है, लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत में नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। बता दें कि राज्य में सुरक्षाबलों पर माओवादियों द्वारा पिछले दो वर्षों में सबसे बड़ा हमला था और साल 2025 का पहला हमला है।

बता दें कि बीजापुर के कुटरू मार्ग में नक्सलियों ने जवानों के वाहन पर आईईडी ब्लास्ट किया है। हादसे में एक ड्राइवर और आठ जवान बलिदान हो गए हैं। वहीं कई जवान घायल बताए जा रहे हैं। वाहन में कुल कितने जवान सवार थे इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि जवान नक्सल ऑपरेशन से वापस लौट रहे थे इस दौरान कुटरु मार्ग में नक्सलियों ने घात लगाकर आईईडी ब्लास्ट किया है। छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सल ऑपरेशन से नक्सली बौखलाए हुए हैं जिसके चलते नक्सलियों ने जवानों को निशाना बनाया है। मिली जानकारी के मुताबिक जवान पंखाजूर में नक्सल ऑपरेशन को अंजाम देने के बाद वहां से वापस लौट रहे थे। फोर्स ने पखांजूर ऑपरेशन में रविवार को पांच नक्सलियों को ढेर कर दिया था। इसके बाद आज जवान वापस लौट रहे थे। इस दौरान नक्सलियों ने घात लगाकर आईईडी विस्फोट कर वाहन को उड़ा दिया। मिली जानकारी के मुताबिक आठ जवान गंभीर रूप से घायल हैं। घायल जवानों को विमान से बस्तर लाया जाएगा इसके बाद वहां से रायपुर लाने की तैयारी है। घायल जवानों और बलिदान हुए जवानों की संख्या बढ़ भी सकती है। छह से ज्यादा वाहनों में अतिरिक्त बल मौके पर भेजा गया। दंतेवाड़ा से अतिरिक्त बल रवाना किया गया है।

# सपा ने संभल हिंसा की रिपोर्ट रखी: अखिलेश यादव का बड़ा आरोप - भाजपा ने अफसरों के माध्यम से हिंसा करवाई



### अफसर मनमर्जी कर अन्याय की सभी सीमाएं पार कर रहे हैं

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के दो पहिये हैं एक अन्याय और दूसरा भ्रष्टाचार। ये लोग भ्रष्टाचार के मामलों को दबाने के लिए प्रदेश में जगह-जगह हिंसा कर रहे हैं। अधिकारी अन्याय की सभी सीमाओं को पार कर रहे हैं।

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संभल में जानबूझकर अफसरों के माध्यम से हिंसा करवाई और मासूम लोगों पर अत्याचार किया। सपा का प्रतिनिधिमंडल जब संभल गया तो उसे रोका गया। वहां जाने नहीं दिया गया। आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा दरार वादी पार्टी है। इन लोगों का इंसानों के जीवन से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा हृदयहीन पार्टी है।

इसके पहले, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने संभल हिंसा से संबंधित रिपोर्ट मीडिया के सामने रखी। उन्होंने कहा कि संभल में मस्जिद का सर्वे कराने को लेकर जानबूझकर तनाव पैदा किया। सर्वे करने जाने वाली टीम में भाजपा के लोग शामिल थे और जब विवाद बढ़ गया तो भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल नहीं किया गया बल्कि सीधे गोली चला दी गई। इस घटना से प्रदेश का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया।

**... अखिर सनातनी मुख्यमंत्री क्या कर रहे हैं :** उन्होंने कहा कि भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि यूपी में हर दिन 50 हजार गायें काटी जा रही हैं और जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। भाजपा के यही विधायक कह रहे हैं कि आज अगर प्रदेश में भाजपा का मुख्यमंत्री न होता तो वो सीएम आवास में घुस जाते...। मैं यही कहूंगा कि योगी आदित्यनाथ भाजपा के नहीं हैं। मैं उनसे यही कहूंगा कि वो आएं और सीएम आवास में घुस जाएं।

**मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर कसा तंज... वहां सबसे साफसुथरा चुनाव होने जा रहा है :** सपा अध्यक्ष ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मिल्कीपुर में सबसे साफसुथरा चुनाव होने जा रहा है।

# मथुरा में बारिश और ओले से छूटी कंपकंपी
## नौहझील और आसपास के क्षेत्र में बारिश और ओलावृष्टि होने से कहर ढा रही है ठंड






**मथुरा।** मथुरा में सुबह-सुबह कोहरा और हाड़ कंपा देने वाली सर्दी का सितम जारी है। नौहझील और आसपास के क्षेत्र में बारिश और ओलावृष्टि होने से ठंड और बढ़ गई है। दोपहर बाद सूर्यदेव की हल्की झलक और शाम को गलन भरी ठंड रही। वहीं मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और अधिक ठंड पड़ने की संभावना जताई है। इस बीच कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है।

बफीर्ली हवा से ठिठुरन थमने का नाम नहीं ले रही। सोमवार को निकली धूप और छांव का सिलसिला जारी रहा। न्यूनतम पारा 9.1 और अधिकतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शाम छह बजे के बाद बफीर्ली हवा गलन का अहसास कराने लगी। नतीजतन बाजार जल्द बंद हो गए। सड़कों पर सन्नाटा दिखा। मौसम विभाग के मुताबिक, 9 जनवरी तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। इसके बाद फिर घना कोहरा पड़ेगा। नौहझील में सोमवार सुबह करीब 10 बजे ओले गिरे और बारिश हुई। इससे ठंड और बढ़ गई। ऐसे में लोग ठंड से बचने के लिए अलावा का सहारा लेते नजर आए। किसान अशोक शर्मा, चंद्रपाल पाठक, जमुना शरण कटारा, जगदीश, हरीश पंडित आदि ने बताया कि ओलावृष्टि कम होने के कारण फसलों को फिलहाल नुकसान नहीं पहुंचा है। हालांकि ठंड जरूर बढ़ गई है।

**नगर पंचायत हाल में बना रैन बसेरा, जलवाए जा रहे अलाव :** राधाकुंड नगर पंचायत प्रशासन ने ठंड को ध्यान में रखते हुए अलाव जलवाए जा रहे हैं।

अध्यक्ष रामफल व अधिशासी अधिकारी चेतन कुमार तिवारी ने बताया कि नगर पंचायत हाल में रैन बसेरा स्थापित किया गया है। नगर के प्रमुख तिराहों व चौराहों के अलावा मुख्य स्थान पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है।

## गोवंश के अवशेष मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के अहरौला थाना क्षेत्र के शमशाबाद में मंगलवार की सुबह मझुई नदी के पुल के पास बोरे में गोवंश के अवशेष मिले। इससे क्षुब्ध आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गए और जमकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने गो हत्या बंद करो, बंद करो जैसे तमाम नारे लगाए। साथ ही पुलिस से इस मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोवंश के अवशेष को तत्काल जेसीबी बुलाकर जमीन में दफन करा दिया। साथ ही कार्रवाई का आश्वासन दिया।

अहरौला थाना क्षेत्र में आए दिन गोकशी जैसी घटनाएं सामने आती हैं। अभी कुछ दिन पूर्व ही क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिले थे। इसके बाद एक बार फिर मंगलवार को क्षेत्र के शमशाबाद स्थित मझुई नदी के पुल के पास बोरे में गोवंश के अवशेष मिले। दैनिक क्रिया के लिए निकले ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना गांव में दी।

मौके पर आसपास के गांव के लोग भी पहुंच गए। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस को क्षेत्र में हो रही गोकशी की पूरी जानकारी है।

# अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव का एलान, 5 फरवरी को होगा मतदान




**मिल्कीपुर में चुनाव का एलान होने के साथ ही यूपी में सियासी पारा गर्म होने लगा है। अयोध्या में लोकसभा सीट जीतने के बाद से जहां सपा फुल कानिफडेंट है, वहीं भाजपा इस सीट पर जीत दर्ज करके हार की निराशा से उबरना चाहती है।**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव की तारीख का एलान हो गया है। मंगलवार को चुनाव आयोग ने इसकी घोषणा कर दी। चुनाव आयोग ने कहा कि मिल्कीपुर में पांच फरवरी 2025 को मतदान होगा। वहीं आठ फरवरी 2025 को मतगणना होगी। मिल्कीपुर में चुनाव का एलान होने के साथ ही यूपी में सियासी पारा गर्म होने लगा है।

अयोध्या में लोकसभा सीट जीतने के बाद से जहां सपा फुल कान्फिडेंट है, वहीं भाजपा इस सीट पर जीत दर्ज करके हार की निराशा से उबरना चाहती है। वर्ष 2024 के नवंबर महीने में नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में हार मिलने के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने उपचुनाव न लड़ने का एलान कर दिया है। ऐसे में मिल्कीपुर में सत्तासीन भाजपा और सपा में सीधी टक्कर देखने को मिलेगी।

**यूपी में सियासी हलचल तेज :** दरअसल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर सीट से सपा के अवधेश प्रसाद ने जीत दर्ज की थी। वर्ष 2024 में पार्टी ने उन्हें अयोध्या संसदीय सीट से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। इसमें भी अवधेश प्रसाद ने जीत हासिल की। इसके बाद मिल्कीपुर सीट से उन्होंने त्यागपत्र दे दिया। इससे यह सीट खाली हो गई थी। अब इस पर उपचुनाव का एलान हो गया है। इससे एक बार फिर यूपी में सियासी हलचल तेज हो गई है।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। बुधवार 08 जनवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट


Rani Dev Shree Oad

1h ·

ना लगें बुरी नज़र किसी की भगवान महाकाल तुम्हारी सदैव रक्षा करे
इस जन्मदिन के मौके पर सब बड़ों का तुझे आशीर्वाद मिले।।

मेरे प्यारे बेटे अतुल कुमार कोजन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाईया।।

महादेव तुम्हारी हर मनोकामना पूरी करें।
#happybirthday




# भाजपा जिला संगठन की लिस्ट के अनुमोदक प्रस्तावक को लेकर सुबह जो उठा था डाउट

## वो मंगल की शाम हो गया खत्म जब लिस्ट हो गई आउट

## 35 चेहरों ने किया नामांकन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा संगठन चुनाव वाले मैच का पहला नतीजा मंगलवार की शाम को आया। मंगलवार को भाजपा के जिला मंडल वाली टीम घोषित हो गई। मंगलवार की सुबह नामांकन होने थे और वो नामांकन लोनी के एक फार्महाउस में दिये गये।

नामांकन के लिये चुनाव अधिकारी अनुपमा जायसवाल आई थीं। सूत्र बताते हैं कि यहां लगभग 35 नामांकन आए और फिर बड़ा सवाले ये उठ गया कि मंडल तो ठीक है, लेकिन जब मंडलों की घोषणा ही नहीं हुई तो जिला अध्यक्ष वाले नामांकन में अनुमोदक प्रस्तावक कैसे घोषित कर दिये गये। देहात में जिलाध्यक्ष के नामांकन के लिये अनुमोदक और प्रस्तावक, मंडल अध्यक्ष तथा जिला प्रतिनिधि होते हैं और जब इनकी घोषणा नहीं हुई तो फिर ये चर्चा होने


भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश

घोषित मण्डल अध्यक्ष / मण्डल प्रतिनिधि

लगी कि या तो मंडल अध्यक्ष पहले से तय है या फिर जिला टीम के नाम तय है। अगर ऐसा नहीं है तो ये नामांकन किस आधार पर तैयार किये गये। वहीं इस बारे में संगठन की ओर से भी ये स्पष्ट किया गया कि 22 लोग नामांकन प्रक्रिया में हैं।

मंडल घोषित नहीं है, लेकिन बताया गया कि एक मंडल और एक जिला प्रतिनिधि की प्रस्तावक और अनुमोदक वाली भूमिका है। तो ऐसे में ये कोरम पूरा हो रहा है। यहां यह भी स्पष्ट किया गया कि अभी केवल आवेदन लिये गये हैं और जब पांच लोगों का पैनल बनेगा तब घोषित नाम अनुमोदक प्रस्तावक के रूप में पैनल में जोड़ दिये जाएंगे। वहीं लिस्ट वाली कहानी में मंगल की देर शाम मोड़ आ गया और गाजियाबाद की जिले वाली मंडल लिस्ट घोषित हो गई। जिला प्रतिनिधि घोषित हो गए और जो डाउट था वो भी समाप्त हो गया।




### लोनी, मोदीनगर, धौलाना विधानसभा के ये हैं नए मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि

**करंट क्राइम।** मंगलवार की शाम जो लिस्ट घोषित हुई उसमें जिले के तीन विधानसभाओं के मंडल अध्यक्ष घोषित कर दिये गये। लोनी विधानसभा में बलराम नगर के मंडल अध्यक्ष राहुल श्यामसुंदर बनाए गए हैं और यहां चंद्रपाल प्रधान को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है। राम विहार मंडल के अध्यक्ष संतोष मिश्रा बनाए गए हैं और जिला प्रतिनिधि नरेश वर्मा को बनाया गया है। लोनी देहात मंडल का अध्यक्ष मनीष कुमार को बनाया गया है और जिला प्रतिनिधि मनवीर सिंह को बनाया गया है। लोनी बॉर्डर परशुराम नगर का मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता को बनाया गया है और मांगे राम मावी को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है। संगम विहार मंडल का अध्यक्ष अश्विनी कुमार को बनाया गया है और जिला प्रतिनिधि देवेंद्र भंडारी को बनाया गया है। मोदीनगर विधानसभा में भोजपुर मंडल का अध्यक्ष दीपक गुर्जर को बनाया गया है और जिला प्रतिनिधि प्रदीप सैनी को बनाया गया है। सीकरी महामाया मंडल का अध्यक्ष रोहित तोमर को बनाया गया है और जिला प्रतिनिधि रोहित खटीक को बनाया गया है। मोदीनगर देहात का मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी को बनाया गया है और जिला प्रतिनिधि आदेश शर्मा को बनाया गया है। मोदीनगर शहर मंडल का अध्यक्ष आकाश शर्मा को और जिला प्रतिनिधि नवीन जायसवाल को बनाया गया है। धौलाना विधानसभा में जलालाबाद मंडल का अध्यक्ष नीरज चौधरी को बनाया गया है और जिला प्रतिनिधि शिवनंदन शर्मा को बनाया गया है। डासना मंडल का अध्यक्ष अनिल प्रजापति को बनाया गया है और यहां देवेंद्र चौहाने को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है।

### उपाध्यक्ष महामंत्री और अध्यक्ष के लिये जिला चुनाव अधिकारी को दिये नामांकन

**करंट क्राइम।** जिले की कमेटी को लेकर लोनी के दादी फार्महाउस में सुबह से चहल पहल रही। यहां महामंत्री पद के लिये नवेंद्र गौड़, अनूप बैंसला, जितेंद्र चितौड़ा ने आवेदन पत्र दिये। उपाध्यक्ष पद के लिये चैनपाल चौधरी, डीडी यादव ने आवेदन पत्र लिये। वहीं अध्यक्ष पद के लिये अमित चौधरी, देवेंद्र चौधरी, रामकुमार त्यागी के नाम हैं। यहां पर एक पूर्व जिला अध्यक्ष ने भी पहले आवेदन दिया था लेकिन जब आयु सीमा वाला मामला उनके सामने आया तो उन्होंने स्वयं ही मना कर दिया। इसके अलावा एक आवेदन इसलिए अस्वीकार हुआ क्योंकि वो 45 वर्ष की आयु सीमा से नीचे का था।

### महानगर कार्यालय में नौ जनवरी से होंगे नामांकन पत्र स्वीकार

**करंट क्राइम।** भाजपा के महानगर कार्यालय पर नौ जनवरी से संगठन चुनाव की चहल-पहल दिखाई देगी। नौ जनवरी से यहां अध्यक्ष के लिये नामांकन पत्र स्वीकार होंगे। महानगर अध्यक्ष तथा शहर विधायक संजीव शर्मा ने यह सूचना सभी कार्यकताओं को दी। उन्होंने अवगत कराया कि नौ जनवरी को दोपहर बारह बजे से अध्यक्ष पद के लिये नामांकन होगा। सभी कार्यकताओं को इसकी सूचना दी गई है। उन्हें समय और तारीख बताई गई है। यहां नौ जनवरी से आवेदन स्वीकार होंगे।

# नगर निगम बोर्ड बैठक का सीन नहीं दिख रहा है जनवरी के महीने में ईजी

## भाजपा के संगठन चुनावों में है इन दिनों सारे जनप्रतिनिधि बिजी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम की बोर्ड बैठक होनी है और नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव होना है। बोर्ड बैठक में कई विषय रखे जाने हैं। बोर्ड बैठक से पहले एक बैठक नगर निगम में हुई थी। इस बैठक में भाजपा के कई पार्षद पहुंचे थे। इस बैठक में विकास के मुद्दों को लेकर चर्चा हुई थी और इस बैठक के बाद से ही बोर्ड बैठक का इंतजार हो रहा है। बोर्ड बैठक में भाजपा किस रणनीति के साथ आएगी, विपक्षी पार्षद किन मुद्दों को रखेंगे, किन मुद्दों पर सदन में हंगामा हो सकता है, पार्षदों के निशाने पर क्या विषय रहेंगे। सूत्र बताते हैं कि जनवरी के महीने में बोर्ड बैठक वाला सीन ईजी नहीं लग रहा है। बोर्ड बैठक होनी है और दूसरी तरफ जनवरी का महीना संगठन चुनाव का महीना है। मंडल से लेकर महानगर अध्यक्ष की ताजपोशी होनी है। जिले में नया संगठन आना है। लिहाजा ये माना जा रहा है कि संगठन चुनावों में भाजपा के जनप्रतिनिधि भी बिजी हैं। उसके बाद कई छुट्टियां भी पड़ रही हैं।



लिहाज बोर्ड बैठक वाला सीन जनवरी महीने में बनता नहीं दिख रहा है। सूत्र बताते हैं कि नगर निगम सदन की मुखिया मेयर भी बुधवार से तीन दिन के लिए आउट ऑफ गाजियाबाद हैं। वो भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं, मेयर हैं, वरिष्ठ नेता हैं और उन्हें फिरोजाबाद, मैनपुरी सहित तीन जिलों का चुनाव अधिकारी बनाया गया है। वह बुधवार से तीन दिन के लिये फिरोजाबाद प्रवास पर रहेंगी। वो यहां संगठन चुनाव में नामांकन कराएंगी। उन्हें चुनाव अधिकारी का दायित्व दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि इसके बाद वो लखनऊ में रहेंगी लिहाजा आगामी पांच से सात दिन मेयर व्यस्त हैं। इसके बाद छुट्टियां भी होंगी और नगर निगम की बोर्ड बैठक के लिये एजेंडा भी तैयार होना है। हालांकि नगर निगम में ये भी माना जा रहा है कि अभी जनवरी माह में कई दिन हैं और बैठक हो भी सकती है, लेकिन कैलेंडर का शैड्यूल बता रहा है कि सीन उतना ईजी नहीं है और फिलहाल सब बिजी हैं।

# दलित समाज की नब्ज टटोलने का है ये पूरा प्रोग्राम

## कई चरणों में चलाएगी भाजपा संविधान गौरव अभियान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा को कांग्रेस ने चुनौती ही संविधान को लेकर दी और इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर घमासान रहा। भाजपा अब दलित समाज की नब्ज को टटोलने का काम कर रही है। वो इस तरीके से ये संदेश देना चाहती है कि देश की संविधान की वो रक्षक है। देश के संविधान का वो सम्मान करती है और इसके लिए भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उत्सव पर वो संविधान गौरव अभियान लेकर आ रही है। इस अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों का प्रचार किया जाएगा तथा संविधान के शिल्पकार कहे जाने वाले बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी जाएगी।




### टोली के माध्यम से भाजपा पहुंचेगी अनुसूचित जाति के प्रभावशाली नामों तक

**करंट क्राइम।** भाजपा अपने अभियान को पहले से धार दे रही है। अभियान के लिये संगठन स्तर पर संरचना और प्रशिक्षण सामग्री की तैयारी हुई है। कार्यकताओं में संविधान जागरुकता और वैचारिक एकत्रीकरण का काम हुआ है। 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान में अनुसूचित जाति-जनजाति, बुद्धिजीवी, महिला और युवा वर्ग से विशेष संपर्क अभियान चलेगा। संविधान की प्रति वितरित होगी और व्यापक प्रचार किया जाएगा। प्रत्येक स्तर की टोलियों में प्रत्येक स्तर के अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष शामिल होंगे। केंद्रीय टोली में एक से सात सदस्य, प्रदेश टोली में तीन, जिला टोली में तीन और मंडल टोली में एक-एक सदस्य होंगे।

### मोर्चों के माध्यम से भी भाजपा देगी संदेश

**करंट क्राइम।** भाजपा संविधान गौरव अभियान में अपने मोर्चों को भी ला रही है। इसके लिए भाजपा एससी मोर्चा, युवा मोर्चा और महिला मोर्चा द्वारा जिला स्तरीय बैठकों का आयोजन करेगी। नमो एप के माध्यम से ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन करेगी। वितरण के लिये संविधान की प्रस्तावना भारी मात्रा में प्रिंट कराएगी। सभी जनप्रतिनिधि अपने मीडिया, सोशल मीडिया हैंडल से संविधान गौरव से संबंधित 30 से 60 सैकेंड का वीडियो पोस्ट करेंगे।

### केंद्र से लेकर मंडल पर होगा कार्यशालाओं का आयोजन

**करंट क्राइम।** संविधान गौरव अभियान में केंद्र, प्रदेश, जिला और मंडल कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। संपर्क के लिये बस्तियों, प्रबुद्धजनों और प्रभावशाली सामाजिक व्यक्तियों की सूची तैयार होगी। बस्ती संपर्क के लिये केंद्र, प्रदेश और जिले के नेताओं की मैपिंग और भाषण बिंदुओं पर प्रशिक्षण किया जाएगा। अखबारों, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया पर अभियान संबंधी लेख भी पोस्ट किये जाएंगे।

### देगी भाजपा संदेश, क्या किया है मोदी सरकार ने

**करंट क्राइम।** भाजपा यहां बस्तियों में लोगों के बीच पंडाल लगाकर कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्हें 25 जनवरी के प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम के बारे में प्रचार किया जाएगा। यहां भाजपा ये बताने की कोशिश करेगी कि कांग्रेस ने क्या नहीं किया और भाजपा ने क्या किया है। वो ये बताएगी कि बाबा साहब बीआर अंबेडकर एक सच्चे राष्ट्रवादी थे। जिन्होंने संविधान की आत्मा को परिभाषित किया। कांग्रेस पार्टी के विभाजक एजेंडे से राष्ट्र की रक्षा करने में भी उनका अहम योगदान था। इसी अभियान में भाजपा ये बताएगी कि पिछले 75 वर्षों में कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर को लगातार अपमानित किया है। कांग्रेस की इस मानसिकता की वजह से दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं मिला, ना ही पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में उनका चित्र लग पाया।
आपातकाल और सामाजिक विभाजन की राजनीति कांग्रेस द्वारा बाबा साहब और उनकी धरोहर को अपमानित करने के कांग्रेस एजेंडे के उदाहरण है। इसी अभियान में भाजपा बताएगी कि भाजपा के समर्थन के बाद मरणोपरांत बाबा साहब को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 का निरसन हुआ। पंच तीर्थ के निर्माण के माध्यम से श्रद्धांजलि और समान नागरिक संहिता के समर्थक के रूप में उनकी दृष्टि को कार्यान्वित किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को पंच तीर्थ में बदल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. बीआर अंबेडकर की 125वीं जयंती पर संविधान दिवस की शुरूआत की। डॉ. बीआर अंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चलते हुए भाजपा सरकार ने 2019 में लोकसभा और राज्यविधानसभाओं में एससी और एसटी के लिये आरक्षण को दस साल के लिये बढ़ा दिया।

# सिटी जोन की सड़कों को मयखाना बनाने वाले 102 लोगों पर हुई कार्रवाई

## 34 लोगों का पुलिस एक्ट के तहत हुआ चालान

**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत लंबे समय बाद सिटी जोन के अंतर्गत अलग-अलग थानाक्षेत्रों की पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और सड़कों पर हंगामा करते हुए माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कार्रवाई वाला अभियान चलाया। इसके साथ ही सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सिटी जोन में शाम 7 बजे से लेकर रात 9 बजे तक शराब के ठेकों और सड़क किनारे स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई करते हुए 102 लोगों को दबोचा गया है। जो सड़क पर खुले आम शराब का सेवन कर रहे थे। वहीं आने-जाने में स्थानीय लोगों और बाजार के लोगों को परेशानी हो रही थी। पुलिस के अधिकारियों के निर्देश पर सभी थानाक्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर यह है अभियान चलाया गया। जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति सुधारने का संदेश दिया जा सके।

### दो घंटे के अभियान से कई इलाकों में हुई सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों की गिरफ्तारी






### कहीं बाइक पर लग रहे थे पैग ,तो कहीं कार बनी थी बार

**करंट क्राइम :** सोमवार को सिटी जोन के अंतर्गत पुलिस ने अभियान चलाया, तो कहीं लोग सड़क किनारे बाइक पर रखकर पैग लगा रहे थे। तो वहीं कई स्थानों पर सड़क किनारे कार लगाकर लोग शराब पीते मिले। पुलिस ने ऐसे लोगों को भागने और खदेड़ने का काम किया, तो जो गिरफ्त में उनके चालान करते हुए उनपर फाइन भी लगाया गया है। कुल 102 व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर थाने गई, उनका मेडिकल कराते हुए 34 पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान भी किए गए हैं। साथ ही कई लोगों को चेतावनी देकर भी पुलिस के अधिकारियों ने भविष्य में इस तरीके का अपराधना नहीं करने की सलाह दी।

### अलग-अलग जोन में जल्द चलेगा अभियान

**करंट क्राइम :** वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी के कार्यवाहक दायित्व संभाल रहे डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने कहा है कि जिस तरीके का अभियान सिटी जोन में चलाया गया था। उसी प्रकार की कार्रवाई आने वाले दिनों में ट्रांस हिंडन जोन और देहात जोन में भी की जाएगी। साथ ही थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि वह शाम को 7 बजे से 9 बजे के बीच इस अभियान को प्रतिदिन चलाएं ताकि सड़कों पर लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने से परहेज करें।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने घोषित किये ऐयरपोर्ट सलाहकार समिति के नाम

## सदस्य बनें संदीप त्यागी , संजीव मित्तल साजू और पप्पू पहलवान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने हिंडन एयरपोर्ट के निदेशक उमेश यादव को पत्र लिखा और उन्होंने तीन नामों पर अपनी स्वीकृति की मुहर लगाई।



लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने ऐयरपोर्ट निदेशक को लिखे पत्र में कहा कि वह 14 नवंबर को लिखे गए अपने पत्र का संज्ञान लें जिसमें हिंडन ऐयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्यो के नामांकन की बात कही गई है। मैं अपने लोकसभा क्षेत्र के तीन नामों को सहमति देता हूं।

ये तीनों नाम अलग-अलग कैटेगरी से हैं। इनमें संदीप त्यागी को टूर ट्रेवल और टैक्सी एसोएिशन वाली कैटेगरी में सदस्य बनाया गया है। वहीं लोकसभा सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वालों के भाई तथा दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव मित्तल साजू को ट्रेड कैटेगरी में सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान को इंड्स्ट्री, ऐयरलाइन, होटल और फैडरेशन कैटेगरी में सदस्य बनाया गया है। अब ये तीनों ही नाम हिंडन ऐयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य होंगे। तीनों ही नाम व्यवहार कुशल, मिलनसार और गैर विवादित माने जाते हैं।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इन तीनों नामों में अपनी संस्तुति दी है और अब ये तीनों नाम सलाहकार समिति के सदस्य हो गए हैं।

## संपादकीय

# क्विक कॉमर्स

क्विक कॉमर्स कंपनियों का कारोबार तेजी से बढ़ा है और इसके साथ ही वे सरकार की निगरानी में आ गई हैं। क्विक कॉमर्स एक विशिष्ट कारोबारी मॉडल है जिसमें बहुत अधिक संभावनाएं हैं। यह न केवल मूल्यांकन की दृष्टि से बेहतर है बल्कि यह वैश्विक स्टार्टअप जगत में भी अपने लिए जगह बनाने में सक्षम है। जो कंपनियां किराने से लेकर पका-पकाया भोजन और निजी इस्तेमाल की सामग्री तक उपभोक्ताओं को 10 मिनट के भीतर या इसके आसपास के समय में पहुंचा रही हैं उनसे प्रशासन उनके कारोबारी मॉडल को लेकर सवाल कर रहा है। इसके बाद कारोबारियों की शिकायत का नंबर आता है जिनका प्रतिनिधित्व कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) कर रहा है।

सीएआईटी की दलील है कि क्विक कॉमर्स कंपनियों ने ई-कॉमर्स के क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मानकों का उल्लंघन किया है। सीएआईटी ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के समक्ष जो शिकायतें की हैं उनमें प्रमुख है ई-कॉमर्स के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नियम पुस्तिका के उल्लंघन में इन्वेंटरी रखने के लिए डार्क स्टोर का इस्तेमाल। इस मुद्दे के मूल में है किराना दुकानों का एक भारी भरकम नेटवर्क और उन पर पड़ने वाला क्विक कॉमर्स का संभावित नकारात्मक असर।

सरकार के लिए संतुलन कायम करना जरूरी है लेकिन ऐसा उन कारोबारों की वृद्धि को प्रभावित करते हुए नहीं होना चाहिए जिन्होंने कामयाबी प्रदर्शित की है। उल्लेखनीय है कि यह पहला मौका नहीं है जब किराना दुकानों का एंगल सामने आया और सरकार को ऐसे कदम उठाने पड़े जो वास्तव में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए बहु-ब्रांड खुदरा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को वर्षों से इस वजह से हतोत्साहित किया गया क्योंकि इससे किराना दुकानों पर बुरा असर होगा। पारंपरिक ई-कॉमर्स कंपनियों को भी प्रत्यक्ष विदेशी नियमों के उल्लंघन के कारण मची उथलपुथल का सामना करना पड़ा। उनके खिलाफ भी स्थानीय कारोबारियों के विरोध प्रदर्शन के बाद जांच शुरू की गई थी।

यह राजनीति में एक अहम मुद्दा है क्योंकि कारोबारियों और खुदरा कारोबारियों को राजनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण माना जाता है। आंकड़ों की बात करें तो देश में करीब 1.3 करोड़ किराना स्टोर हैं और उनमें से अधिकांश छोटे शहरों में स्थित हैं। अनुमानों के मुताबिक अकेले पिछले एक वर्ष में करीब दो लाख किराना दुकानें बंद हो गईं। इससे यह आशंका उत्पन्न हुई कि शायद यह क्विक कॉमर्स की वजह से हो रहा है। दोनों के बीच रिश्तों की स्थापना का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है, खासतौर पर इसलिए कि अधिकांश किराना दुकानें छोटे शहरों में हैं जहां क्विक कॉमर्स अभी तक पकड़ नहीं बना सका है। सरकार किराना दुकानों को तकनीकी रूप से उन्नत करने का प्रयास कर सकती है ताकि वे गतिशील हो सकें। आगे की राह रचनात्मक होनी चाहिए। साझेदारियों और सहयोगों की मदद से इस दिशा में बढ़ा जा सकता है। किराना दुकानों को क्विक कॉमर्स की वजह से मिले अवसर का लाभ उठाते हुए तेज विकास करना चाहिए। क्विक कॉमर्स कंपनियों को भी गुणवत्तापूर्ण रोजगार तैयार करने चाहिए।

व्यापक स्तर पर देखें तो सरकार के लिए समय आ गया है कि वह बहु प्रतीक्षित ई-कॉमर्स नीति को तैयार करे। नई तकनीक और क्विक कॉमर्स जैसे नवाचार के बीच एक स्पष्ट और व्यापक नीति कई छोटी-मोटी दिक्कतों को दूर कर देगी ताकि भविष्य को ध्यान में रखकर कारोबार और मूल्य श्रृंखला तैयार की जा सके। नीति को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के नाम पर प्रतिस्पर्धा को रोकना नहीं चाहिए। तकनीक को अपनाना और उपभोक्ताओं का बदलता व्यवहार कई कारोबारी मॉडलों को बदल सकता है। नीति को अग्रगामी सोच वाला होना चाहिए।

भारत को टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के लिए भारी भरकम निवेश की आवश्यकता है और खुदरा क्षेत्र इसमें मददगार हो सकता है। खुदरा क्षेत्र को औपचारिक बनाने से न केवल रोजगार तैयार होंगे बल्कि किफायत बढ़ने से उपभोक्ताओं को भी कम कीमत चुकानी होगी। विदेशी निवेश वाली कंपनियों के लिए प्रतिबंधात्मक नीतियां प्रतिस्पर्धा, नवाचार और उपभोक्ता कल्याण को प्रभावित करेंगी।

## माइक्रोसॉफ्ट भारत में एआई और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर में करेगा 3 अरब डॉलर का निवेश

**बेंगलुरु।** भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इन्फ्रास्ट्रक्चर और क्लाउड में दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने 3 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया है। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ, सत्या नडेला ने मंगलवार को कहा कि इस निवेश का उद्देश्य देश में एआई इनोवेशन को बढ़ाना है। यह निवेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन (विकसित भारत 2047) में बड़ी भूमिका निभएगा। इस दौरान माइक्रोसॉफ्ट ने 2030 तक 1 करोड़ लोगों को एआई में प्रशिक्षित और कुशल बनाने की भी घोषणा की है।




कंपनी ने अब तक सिविल सर्वेंट, कॉलेज के छात्रों और विकलांग लोगों सहित 24 लाख भारतीयों को एआई कौशल के साथ सशक्त बनाया है। नडेला ने कहा, भारत तेजी से एआई इनोवेशन में लीडर बन रहा है। इससे देश के लिए नए अवसर खुल रहे हैं। आज हम बुनियादी ढांचे और कौशल में जिस निवेश की घोषणा कर रहे हैं, वह भारत को एआई-प्रमुख बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि देश भर के लोगों और संगठनों को व्यापक लाभ मिले।

## केंद्र ने उच्च मूल्य वाले 'विशेष इस्पात' के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पीएलआई योजना 1.1 की शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने देश में उच्च मूल्य वाले 'विशेष इस्पात' के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पीएलआई योजना के दूसरे राउंड की शुरूआत की। इस इस्पात का उपयोग रेफ्रिजरेटर, बिजली उपकरण और ऑटोमोबाइल जैसे उत्पादों के निर्माण में किया जाता है। कुमारस्वामी ने कहा कि इस्पात मंत्रालय ने पांच प्रोडक्ट कैटेगरी के लिए 'विशेष इस्पात' के लिए पीएलआई योजना 1.1 शुरू की है, जो मौजूदा पीएलआई योजना के समान है, जिससे उद्योग के प्रतिभागियों द्वारा मंत्रालय से छूट के अनुरोध के बाद आगे की भागीदारी को सक्षम बनाया जा सके। केंद्रीय मंत्री द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 'पीएलआई योजना 1.1' इस




महीने 6-31 जनवरी 2025 तक खुली रहेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि उद्योग 'ब्रांड इंडिया' को मजबूत करने, आयात को कम करने और भारत को वैश्विक इस्पात पावरहाउस के रूप में स्थापित करने के लिए सक्रिय रूप से भाग लेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'विशेष इस्पात' के लिए पीएलआई योजना में किए गए बदलाव घरेलू उत्पादन को मजबूत करने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और आयात को कम करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि 'पीएलआई योजना 1.1' को वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2029-30 की उत्पादन अवधि के दौरान लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले दौर में 8 सब-कैटेगरी में कोई प्रतिभागी नहीं था और उम्मीद है कि इस बार व्यापक भागीदारी होगी। पीएलआई योजना 1.1 मौजूदा पीएलआई योजना की तरह ही पांच प्रोडक्ट कैटेगरी- कोटेड/प्लेटेड स्टील प्रोडक्ट, हाई स्ट्रेंथ/वियर रेजिस्टेंट स्टील, स्पेशिएलिटी रेल्स, अलॉय स्टील प्रोडक्ट एंड स्टील वायर्स और इलेक्ट्रिकल स्टील को कवर करती है। यह मूल रूप से इस योजना के लिए आवंटित निधियों, यानी 6,322 करोड़ रुपये के भीतर संचालित होगी। उद्योग की प्रतिक्रिया के आधार पर पीएलआई नियमों में बदलाव किए गए हैं। सभी कंपनियों को नई मिलें लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। 'विशेष इस्पात' के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के पहले राउंड को इस्पात मंत्रालय ने 29 जुलाई, 2021 को 6,322 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय के साथ अधिसूचित किया था।

## एलपीजी कनेक्शन की संख्या पिछले 10 साल में दोगुनी होकर 32.83 करोड़ हुई

**नई दिल्ली।** देश में घरेलू एलपीजी कनेक्शन की संख्या बीते 10 सालों में (1 नवंबर, 2024 तक) दोगुनी से अधिक बढ़कर 32.83 करोड़ हो गई है, जो कि 2014 में 14.52 करोड़ थी। यह जानकारी पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय द्वारा मंगलवार को दी गई। मंत्रालय द्वारा आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत गरीब परिवारों को सब्सिडी वाली कीमत पर रसोई गैस उपलब्ध कराने के लिए 10.33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं।

योजना की शुरूआत से लेकर अब तक पीएमयूवाई परिवारों को लगभग 222 करोड़ एलपीजी रिफिल दिए जा चुके हैं और प्रतिदिन लगभग 13 लाख रिफिल लिए जा रहे हैं।



प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जा रही है। बयान में कहा गया कि सरकार के प्रयासों से उज्ज्वला परिवारों द्वारा एलपीजी की खपत में वृद्धि हुई है। 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की प्रति व्यक्ति खपत 2019-20 में 3.01 से बढ़कर 2023-24 में 3.95 हो गई है। अक्टूबर 2024 तक प्रति व्यक्ति खपत बढ़कर 4.34 हो गई है। बयान में आगे कहा गया कि 2014 से अब तक एलपीजी वितरकों की संख्या 13,896 से बढ़कर 1 नवंबर 2024 तक 25,532 हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की उपलब्धता में वृद्धि हुई है। 90 प्रतिशत से अधिक नए वितरक ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा देश में पिछले 10 वर्षों में नेचुरल गैस की पाइपलाइन नेटवर्क में भी बड़ा विस्तार हुआ है। 2024 में इसकी लंबाई बढ़कर 24,945 किलोमीटर की हो गई है, जो कि 2014 में 15,340 किलोमीटर थी। इसके अलावा 10,805 किलोमीटर की नेचुरल गैस पाइपलाइन का निर्माण चल रहा है। इन पाइपलाइनों के पूरा होने से राष्ट्रीय गैस ग्रिड पूरा हो जाएगी और इससे भारत में सभी प्रमुख मांग और आपूर्ति केंद्रों जुड़ जाएंगे और सभी क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस की आसान उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जनसेवक व्यापारी नेता अजय गुप्ता ने अपनी जीवन साथी रमा गुप्ता के जन्मदिन पर उनके लिए स्पेशल विश के साथ स्पेशल कामना की। उन्होंने अपनी धर्म पत्नी रमा गुप्ता के जन्मदिन पर उनके लिए जीवन की सारी खुशियों की कामना की।

## भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद, एचएमपीवी का खत्म हुआ डर

**मुंबई।** देश भर में निगरानी बढ़ने और एचएमपीवी के बारे में अधिक स्पष्टता आने के बाद, भारत के घरेलू बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबार के अंत में मेटल, मीडिया, एनर्जी, कमोडिटीज, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा और एफएमसीजी सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 234.12 अंक या 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,199.11 पर बंद हुआ और निफ्टी 91.85 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,707.90 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 280.15 अंक या 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50,202.15 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 502.35 अंक या 0.89 प्रतिशत की बढ़त के



साथ 56,869.3 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 248.20 अंक या 1.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,673.45 पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,627 शेयर हरे और 1,356 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 103 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, एचएमपीवी को लेकर किसी तरह की बड़ी चिंता न पैदा होने से जुड़े सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच, घरेलू बाजार सोमवार की तेज बिकवाली से कुछ हद तक उबर गया। लेकिन, भारत के वित्त वर्ष 2025 के जीडीपी के लिए महत्वपूर्ण अनुमानों से पहले, बाजार एक दायरे में कारोबार कर रहा था। जानकारों ने बताया, आगामी परिणाम सत्र के दौरानं आय सुधार के संकेतों की प्रतीक्षा में निकट भविष्य में बाजार के सतर्क रहने की उम्मीद है। साथ ही एफआईआई की चल रही बिकवाली से भी निपटना होगा, जो डॉलर के मजबूत होने, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि और आगे ब्याज दरों में कटौती की कम उम्मीदों से प्रेरित है। सेक्टोरल फ्रंट पर ऑटो, आईटी और कंजम्पशन सेक्टर में गिरावट रही।

## राशिफल

**मेष:** आर्थिक लाभ हो सकता है। सितारे साथ दे रहे हैं, इसलिए छोटी हो या बड़ी किसी भी अवधि की योजना बनाने में आपके प्रयास आज अच्छे परिणाम देंगे।

**वृष:** आज का दिन अच्छा रहेगा। उदार स्वभाव आपके लिए कई खुशी के पल लेकर आएगा। पड़ोसियों से सकारात्मक व्यवहार देखने को मिलेगा।

**मिथुन:** वाक्पटुता से अपने निर्धारित कार्य को करने में सक्षम होंगे। गणेश बौद्धिक चर्चा में न आने की सलाह देते हैं। खाने में कन्फेक्शनरी मिल जाती है।

**कर्क:** आपका संगठन आपको व्यापार के लिए विदेश भेजने की तैयारी कर रहा है। विदेश में किया गया व्यापार शुभ लाभ देगा। अवसर का भरपूर लाभ उठाएं।

**सिंह:** आज का दिन सरप्राइज लेकर आएगा। जिन प्रयासों को आपने व्यर्थ माना था, आज उनका फल भी आपको मिलेगा। ऑफिस में काम का बोझ बढ़ सकता है।

**कन्या:** आज प्रभावशाली लोगों का सहयोग उत्साह को दोगुना कर देगा। रिश्तेदारों के साथ अपने संबंधों को नवीनीकृत करने का दिन है। धन लाभ होगा।

**तुला:** नए काम के साथ ढेर सारी जिम्मेदारियां भी सामने आएंगी। संस्थान के किसी भी तकनीकी कार्य में प्रतिभा उजागर होगी।

**वृश्चिक:** ज्यादातर काम पूरे होंगे। परिवार के सभी सदस्यों के रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। छात्र व्यावसायिक शिक्षा के लिए शॉर्ट टर्म कोर्स में शामिल हो सकते हैं।

**धनु:** आज क्रोध और वाणी पर संयम रखना होगा। विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और आपके प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं।

**मकर:** दिन कार्यक्षेत्र और आर्थिक क्षेत्र में फलदायी रहेगा। अपने समर्पण और दृढ़ता का प्रतिफल प्राप्त कर रहे हैं। आर्थिक दबाव को काफी हद तक कम कर सकता है।

**कुंभ:** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आपके सभी कार्यों में आत्मविश्वास की झलक मिलेगी, कई दिनों से चली आ रही रुकावटें आज दूर होंगी।

**मीन:** छात्रों के लिए थोड़ा मुश्किल भरा हो सकता है। पढ़ाई के दौरान एकाग्रता बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। व्यापार से संबंधित समस्या का समाधान होगा।

## चुटकुले

पप्पू- क्या तुमको पता है कि मंदिर में पुरुष ही पुजारी क्यों होते है
चप्पू- नहीं यार तुम ही बता दो
गप्पू- मुझे पता है मैं बताता हूं
गप्पू- ताकि, लोग सिर्फ भगवान पर ध्यान दे सकें

---

टीचर- लड़कियां अगर पराया धन होती है तो लड़के क्या होते है??
गप्पू- सर चोर होते है!
टीचर - वो कैसे??
गप्पू- क्योकि चोरों की नजर हमेशा पराये धन पर होती है।

---

हसबैंड- आज ऐसी चाय बनाओ कि पीते ही तन बदन झूमने लगे और मन नाचने लगे।

पत्नी- हमारे यहां भैंस का दूध आता है नागिन का नहीं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## करंट क्राइम
### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
08 01 2025 आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



यश
अभिनेता


चिंटु कुमार


रमा गुप्ता


जयंती झा


मालती रानी



सुनीता देवी


डॉ. अनिल राघव


नरेश गर्ग


रोहित चौधरी


नवराज पंत


नीटू गुर्जर


रितिक गुप्ता


सुभाष शर्मा


अभिषेक त्यागी


विवेक धामा


देवेन्द्र कुमार चौधरी


अरूण शर्मा


जीत कुमार


एजाजुद्दीन


मयंक रिहानी


गरीबदास


अमित कुमार


अमरीश कुमार


अरूण अग्रवाल

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# भारत करेगा बहुत बड़े जेवलिन थ्रो इवेंट की मेजबानी, नीरज चोपड़ा मचाएंगे धमाल




**नई दिल्ली।** भारत में खेलों का एक नया युग शुरू होने जा रहा है। भारत ने 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी का लक्ष्य बनाया हुआ है। इस बीच देश में बड़े जेवलिन थ्रो कंम्पटीशन का ऐलान अवश्य ही एथलीटों को रोमांच की अनुभूति करवा रहा होगा। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया इसी साल आगे चलकर भारत में बड़े स्टार एथलीटों से सुसज्जित एक जेवलिन थ्रो कम्पटीशन करवाएगा, जिसमें नीरज चोपड़ा भी भाग लेते नजर आएंगे।

पेरिस ओलंपिक्स 2024 की जेवलिन थ्रो स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतने के बाद नीरज चोपड़ा ने इच्छा जताई थी कि वो भारत में अंतर्राष्ट्रीय एथलीटों के साथ कम्पटीशन करना चाहते हैं। नीरज ने कहा कि, ये मेरा सपना है कि मैं भारत में इंटरनेशनल खिलाड़ियों के साथ कम्पटीशन करूं। उम्मीद है कि जल्द ही भारत किसी इंटरनेशनल इवेंट की मेजबानी करे और मैं उसका हिस्सा बन सकूं। शायद नीरज का ये सपना अभी पूरा नहीं हो पाए, लेकिन भारत में अलग से जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता का कार्यक्रम उस ओर बढ़ाए गए कदम के रूप में देखा जा सकता है। नीरज चोपड़ा ने 2020 टोक्यो ओलंपिक्स में 87.58 मीटर की दूसरी तय कर जेवलिन थ्रो को गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। वहीं जब पेरिस ओलंपिक्स बाती आई तो नीरज ने पहले से कहीं ज्यादा दूरी तय की, लेकिन इस बार उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। इस बार उन्हें हराने वाले कोई और नहीं पाकिस्तान के अरशद नदीम थे।

# घरेलू सत्र के बाद लिए जा सकते हैं बड़े और कड़े फैसले

**नई दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने आसानी से आत्मसमर्पण करने वाली भारतीय बल्लेबाजी सवालों के घेरे में है। ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1-3 से हार के बाद फरवरी तक चलने वाले घरेलू सत्र के बाद अजित अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति बड़े फैसले ले सकती है। यह भी तय माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया में विफल रहे स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, रोहित शर्मा समेत अन्य क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट में अपनी उपयोगिता साबित करते हुए फिर से चयन का दावा ठोकना होगा। हालांकि भारतीय टीम के बदलाव के कठिन दौर में बल्लेबाजी से ज्यादा गेंदबाजी के विकल्प ज्यादा परेशान करने वाले हैं। रोहित और विराट के खराब प्रदर्शन के बाद इन दोनों क्रिकेटरों का भविष्य अधर में है, लेकिन चयन समिति के पास यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं कि अगर दोनों दिग्गज बाहर भी हो जाते हैं तो बल्लेबाजी क्रम पहले जैसा मजबूत बना रहे। हालांकि गेंदबाजी में यह बात उतनी मजबूती से नहीं कही जा सकती है।




| क्रिकेटर | मैच | रन | औसत | 50/100 |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन | 28 | 1948 | 41.44 | 05/07 |
| ऋतुराज गायकवाड़ | 37 | 2533 | 41.52 | 13/07 |
| रजत पाटीदार | 66 | 4636 | 43.32 | 23/13 |
| देवदत्त पडिक्कल | 41 | 2702 | 41.56 | 17/06 |
| श्रेयस अय्यर | 80 | 6335 | 49.10 | 33/15 |

## सुदर्शन-पडिक्कल मजबूत दावेदार

बल्लेबाजी में विकल्प की बात करें तो चयन समिति के पास कई विकल्प मौजूद हैं। रोहित और विराट के संन्यास लेने की स्थिति में कम से कम छह ऐसे क्रिकेटर हैं जो इन दोनों की जगह भरने के दावेदार हैं। इनमें सबसे बड़े दावेदार तमिलनाडु के बाएं हाथ के बी साई सुदर्शन हैं। भारत ए के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मकाय में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन हार्निया के ऑपरेशन के चलते उन्हें पुर्नवास में जाना पड़ा। वापसी के बाद अगर वह अपनी फिटनेस और फॉर्म हासिल कर लेते हैं तो जून में होने वाले इंग्लैंड दौरे पर वह भारतीय टीम में शामिल होने के सबसे बड़ा दावेदार होंगे। कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल अब तक टेस्ट में कुछ कमाल नहीं दिखा पाए हैं, लेकिन बाएं हाथ का यह बल्लेबाज प्रतिभाशाली है। ऑस्ट्रेलिया में जसप्रीत बुमराह को छोड़ दें तो अन्य किसी गेंदबाज ने जिम्मेदारी नहीं उठाई। सिराज ने 20 विकेट लिए, लेकिन वह टुकड़ों में चले। बुमराह के चोटिल रहने या उनका भार कम करने के दौरान गेंदबाजी में वैसे विकल्प नहीं दिख रहे हैंजैसी एक समय बुमराह, शमी, इशांत की तिकड़ी के रूप में हुआ करती थी। प्रसिद्ध कृष्णा ने सिडनी टेस्ट में छह विकेट जरूर लिए, लेकिन उनकी गेंदबाजी में एकरूपता नहीं है।

## विराट-रोहित से घरेलू सत्र में खेलने को कहा जा सकता है

ऑस्ट्रेलियाई दौरे के बाद रणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर शुरू होने वाला है, विजय हजारे ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट भी चल रहा है। घरेलू सत्र फरवरी तक चलेगा। कोच गौतम गंभीर समेत दिग्गज सुनील गावस्कर पहले ही कह चुके हैं कि सभी क्रिकेटरों को घरेलू टूर्नामेंटों में खेलना चाहिए। बीसीसीआई से जुड़े सूत्र बताते हैं कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे वरिष्ठ क्रिकेटरों से मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर घरेलू टूर्नामेंट में खेलने को लेकर बात कर सकते हैं। विराट कोहली अंतिम बार 2012 में यूपी के खिलाफ गाजियाबाद में दिल्ली के लिए रणजी ट्रॉफी में खेले थे, जबकि रोहित शर्मा अंतिम बार रणजी ट्रॉफी में 2015 में खेले थे।

## गायकवाड़-श्रेयस भी होड़ में

रुतराज गायकवाड़, रजत पाटीदार और श्रेयस अय्यर अन्य बल्लेबाज हैं जो टीम में आने के दावेदार हैं। गायकवाड़ अब तक कोई टेस्ट नहीं खेले हैं, लेकिन उनका धैर्य और तकनीकि लाजवाब है। श्रेयस अय्यर अपने पहले टेस्ट में शतक लगा चुके हैं, लेकिन पटकी हुई गेंदों के खिलाफ उनकी योग्यता सवालों के घेरे में खड़ी हुई है। रजत पाटीदार को इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में मौके मिले, लेकिन वह फायदा नहीं उठा पाए। चयनकताओं की नजर ऐसे बल्लेबाजों पर है, जिन्होंने घर में विपरीत परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया हो। मनमाफिक विकेट पर बनाए गए रन और लिए गए विकेट चयन का आधार नहीं हैं। अभिमन्यु ईश्वरन भी ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर टीम थे, लेकिन वहां की पिचों के अनुरूप टीम प्रबंधन को उनकी बल्लेबाजी रास नहीं आई। सरफराज को भी उछलती गेंदों पर उनकी कमजोरियों के चलते एकादश में जगह नहीं मिली।

# यशस्वी जायसवाल को मिल सकता है डबल इनाम

## चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेंगे या नहीं? जल्द होगा फैसला

**नई दिल्ली।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कम समय में क्रिकेट जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने घरेलू सरजमीं पर और विदेश में बल्ले से बखूबी छाप छोड़ी है। उन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में प्रभावित किया, जहां वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय प्लेयर रहे। यशस्वी ने जुलाई 2023 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। वह अभी तक टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते हैं, हालांकि, स्टार ओपनर की आने वाले कुछ दिनों में किस्मत चमक सकती है। यशस्वी को डबल इनाम के रूप में वनडे डेब्यू का चांस मिल सकता है।



दरअसल, भारत को 22 जनवरी से घर पर इंग्लैंड से पांच मैचों की टी20 और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड वनडे सीरीज 6 फरवरी से शुरू होगी, जो 12 फरवरी तक चलेगी। उसके बाद भारतीय टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उतरेगी, जिसका 19 फरवरी से आगाज होगा। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन वनडे फॉर्मेट में होगा।

रेवस्पोर्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यशस्वी को इंग्लैंड वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बैकअप ओपनर के रूप में चुने जाने की संभावना है। पूरी संभावना है कि शुभमन गिल और कप्तान रोहित शर्मा ओपनिंग करेंगे। 23 वर्षीय यशस्वी ने अब तक 19 टेस्ट में 52,88 की औसत से 1798 रन बनाए हैं। उन्होंने सबसे लंबे फॉर्मेट में चार शतक और 10 अर्धशतक ठोके हैं। उन्होंने भारत के लिए 23 टी20 मैचों में 36,15 की औसत से 723 रन जोड़े हैं, जिसमें एक सेंचुरी और पांच फिफ्टी सामिल हैं। बताया जा रहा है कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति 12 जनवरी तक चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय स्क्वॉड चुनेगी, जो सभी टीमों के लिए 15 सदस्यीय स्कॉड चुननेकी डेडलाइन है।

**23 वर्षीय यशस्वी ने अब तक 19 टेस्ट में 52,88 की औसत से 1798 रन बनाए हैं। उन्होंने सबसे लंबे फॉर्मेट में चार शतक और 10 अर्धशतक ठोके हैं।**

# किरण जाधव ने लक्ष्य कप में एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता



**नई दिल्ली।** नौसेना के किरण जाधव ने कई जाने-माने निशानेबाजों को पछाड़ते हुए 15वें लक्ष्य कप आमंत्रण टूनार्मेंट में 10 मीटर एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2018 से हर बार फाइनल में जगह बनाने वाले 29 साल के जाधव ने 251.7 अंक के साथ पहली बार खिताब जीता।

जाधव ने महाराष्ट्र के गजानन खानदागले (250.9) और महाराष्ट्र के ही मोहित गौड़ा (229.3) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाले रेलवे के अर्जुन बबूता खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे लेकिन वह 208.2 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। पुरुष और महिला राष्ट्रीय एयर राइफल चैंपियन क्रमशः साहु माने और अनन्या नायडू फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे।

# एचएस प्रणॉय के मैच के दौरान अचानक चूने लगी स्टेडियम की छत, मुकाबले को बीच में रोकना पड़ा

**मलेशिया।** मलेशिया ओपन सुपर 1000 से 2025 के बैडमिंटन सीजन की शुरूआत हो गई है। हालांकि, सीजन के पहले ही दिन अजीबो गरीब चीजें देखने को मिली। मलेशिया की राजधानी कुआलालम्पुर स्थित एक्सियाटा एरिना स्टेडियम में 7 जनवरी से शुरू हुए 2025 के पहले लेवल 2 बैडमिंटन टूनार्मेंट के दौरान स्टेडियम की छत से पानी टपकने लगा। छत से पानी टपकने के कारण कोर्ट 2 और कोर्ट 3 पर चल रहे मुकाबले रोकने पड़े।




कोर्ट नंबर 3 पर भारतीय शटलर एचएस प्रणॉय और कनाडा के ब्रायन यंग के बीच मुकाबला जारी था, लेकिन उसे रोकना पड़ा। जिस समय मैच रोका गया, उस एचएस प्रणॉय पहला गेम 21-12 से अपने नाम कर चुके थे, जबकि दूसरे गेम में 6-3 से आगे थे। मैच के दौरान एचएस प्रणॉय ने कोर्ट 3 पर नेट के पास अपने बाएं सामने के कोर्ट पर पानी जमा होते देखा। इससे पहले यंग को भी समस्याएं थी, लेकिन कोर्टसाइड पदाधिकारियों ने कोर्ट को साफ कर दिया था। हालांकि, दूसरे गेम में प्रणॉय ने चेयर अंपायर को इशारा किया कि कोर्ट जोखिम भरा हो गया है क्योंकि कोर्ट पर बड़े धब्बे बन गए हैं।

14 लाख 50 हजार अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाली इस प्रतियोगिता में मेन्स सिंगल्स में भारत की ओर से एचएस प्रणॉय के अलावा लक्ष्य सेन और प्रियांशु रजावत भी हिस्सा ले रहे हैं। वुमिंस सिंगल्स में आकर्षी कश्यप, अनुपमा उपाध्याय और मालविका बसोंद भातीय चुनौती पेश करेंगी। मेन्स डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी हिस्सा ले रही है। उन्हें टूनार्मेंट में 7वीं वरीयता प्राप्त है।

# रवि शास्त्री और रिकी पोंटिंग ने बीजीटी 2024-25 में फैंस की तादाद देख अपनी खुशी जाहिर की, एशेज के लिए कह दी ये बात

**नई दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत का एक दशक से चला आ रहा दबदबा रविवार 5 जनवरी को समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट मैच की सीरीज 3-1 से जीती। इस सीरीज को देखने के लिए 8 लाख 37 हजार दर्शक स्टेडियमों में पहुंचे, जो इस सीरीज में एक नया रिकॉर्ड है। इस पर भारत के पूर्व कोच और इस सीरीज में कमेंट्री करने वाले रवि शास्त्री ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आधुनिक युग में दोनों टीमों के बीच प्रतिद्वंद्विता असाधारण है।



बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत का एक दशक से चला आ रहा दबदबा रविवार 5 जनवरी को समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट मैच की सीरीज 3-1 से जीती। इस सीरीज को देखने के लिए 8 लाख 37 हजार दर्शक स्टेडियमों में पहुंचे, जो इस सीरीज में एक नया रिकॉर्ड है। इस पर भारत के पूर्व कोच और इसी सीरीज में कमेंट्री करने वाले रवि शास्त्री ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आधुनिक युग में दोनों टीमों के बीच प्रतिद्वंद्विता असाधारण है।

शास्त्री ने द आईसीसी रिव्यू में कहा कि, एक आंकड़ा सामने आता है। मेलबर्न टेस्ट मैच में 3 लाख 75 हजार लोग गेट से होकर आए, जिसने 90 साल पहले के 3 लाख 50 हजार के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पिछला रिकॉर्ड तब का था जब डॉन ब्रैडमैन ऑस्ट्रेलिया के लिए खेला करते थे। ये नया आंकड़ां मौजूदा समय की तमाम सुविधाओं के बीच आया है, जिसने नए स्टैंडर्ड सेट कर दिए हैं।

शास्त्री ने आगे कहा कि, जब टेलीविजन है, जब ओटीटी प्लेटफॉर्म है। जब सब तरह की सुविधाएं मौजूद हैं, तब भी लोगों का स्टेडियम पहुंचना और क्रिकेट देखना, 3 लाख 75 हजार लोगों का आना और फिर सिडनी में इसे दोहराना, ये वास्तविकता से परे है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने शास्त्री का समर्थन करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट देखने के लिए आने वाले 8 लाख 87 हजार लोगों का रिकॉर्ड अविश्वसनीय है।

वहीं रिकी पोंटिंग ने कहा कि, अब जबकि ये सीरीज समाप्त हो गई है, तब ऑस्ट्रेलिया के अगली गर्मियों में इंग्लैंड के दौरे पर नजर रहेगी, जिससे ये पता चलेगा कि किसी सीरीज में ज्यादा दर्शक पहुंचे। अगर आंकड़ा समान नहीं होता है तो इसमें संदेह नहीं है कि प्रतिद्वंद्विता बड़ी मानी जाएगी। निश्चित रूप से फैंस के दृष्टिकोण से। अगर ब्रिस्बेन में जल्दी खत्म या बारिश की रुकावट नहीं होती तो दर्शकों का आंकड़ा और भी बड़ा हो सकता था।

# इंग्लैंड से अफगानिस्तान के खिलाफ

## चैंपियंस ट्रॉफी मैच का बहिष्कार करने का आग्रह

**इंग्लैंड।** ब्रिटेन के 160 से अधिक राजनेताओं ने इंग्लैंड एवं वेल्सक्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट मैच का बहिष्कार करने का अनुरोध किया है। राजनेता चाहते हैं कि ईसीबी तालिबान शासन के महिलाओं के अधिकारों के दमन के खिलाफ आवाज उठाए और 26 फरवरी को पाकिस्तान के लाहौर में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले पुरुषों के एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच का बहिष्कार करे।



तालिबान की 2021 में सत्ता में वापसी के बाद से खेल में महिलाओं की भागीदारी को प्रभावी रूप से गैरकानूनी घोषित कर दिया गया। यह फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों का उल्लंघन भी है लेकिन अफगानिस्तान को आईसीसी की प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति है। ऐसे में ब्रिटेन के सांसदों ने एक पत्र लिखकर ईसीबी से अपनी नैतिक आपत्ति दर्ज कराने की अपील की है। यह पत्र लेबर सांसद टोनिया एंटोनियाजी में लिखा है तथा इसमें निगेल फराज और जेरेमी कॉर्बिन सहित हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सांसदों के हस्ताक्षर हैं। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गोल्ड को संबोधित पत्र में कहा गया है, हम इंग्लैंड की पुरुष टीम के खिलाड़ियों और अधिकारियों से तालिबान के तहत अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के साथ होने वाले बुरे व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह करते हैं। इसमें कहा गया है, हम ईसीबी से अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी मैच के बहिष्कार पर विचार करने का भी आग्रह करते हैं ताकि यह स्पष्ट संकेत दिया जा सके कि इस तरह के दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पत्र के अनुसार, हमें लैंगिक भेदभाव के खिलाफ खड़ा होना चाहिए तथा हम ईसीबी से अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों को एकजुटता और आशा का एक दृढ़ संदेश देने का आग्रह करते हैं कि उनकी पीड़ा को नजरअंदाज नहीं किया गया है। गोल्ड ने त्वरित प्रतिक्रिया जारी करते हुए ईसीबी के सिद्धांतों की पुष्टि करते हुए सुझाव दिया कि वह अकेले कोई फैसला करने के बजाय सभी सदस्य देशों से एक समान दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, ईसीबी तालिबान शासन के तहत अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के साथ के जा रहे बुरे व्यवहार की कड़ी निंदा करता है।

गोल्ड ने कहा, आईसीसी के संविधान के अनुसार सभी सदस्य देश महिला क्रिकेट के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रतिबद्धता के अनुरूप, ईसीबी ने अफगानिस्तान के खिलाफ किसी भी द्विपक्षीय क्रिकेट मैच का आयोजन नहीं करने की अपनी स्थिति बरकरार रखी है। उन्होंने कहा, किसी एक सदस्य के बजाय आईसीसी के सभी सदस्यों द्वारा एक साथ उठाया गया कदम अधिक प्रभावी होगा। इंग्लैंड ने 2003 में एकदिवसीय विश्व कप में रॉबर्ट मुगाबे के शासन के विरोध में जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच नहीं खेला था।

# एलियन के ताने से अर्जुन पुरस्कार तक का सफर

## टूनार्मेंटों से मिलने वाली इनामी राशियों का इस्तेमाल खेल से जुड़े उपकरण खरीदने में किया

**नई दिल्ली।** जन्मजात विकृति और गहरे रंग के कारण सहपाठियों से एलियन का ताना सुनने वाली भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी तुलसीमति मुरुगेसन ने पेरिस पैरालंपिक में रजत पदक जीतने के बाद अर्जुन पुरस्कारों की सूची में जगह बनाकर बचपन की अपनी कड़वीं यादों को पीछे छोड़ दिया है। इस 22 साल की लड़की की कहानी अथक दृढ़ता की है जो दिहाड़ी मजदूरी करने वाले अपने पिता डी. मुरुगेसन के अटूट समर्थन से प्रेरित है। उनके पिता ने समाज के विरोध के बावजूद अपनी बेटियों (तुलसीमति और किरुट्टीघा) को खेलों में आगे बढ़ना जारी रखा।

तुलसीमति ने पीटीआई से कहा, उन्होंने हमें कभी भी अपने संघर्षों को देखने नहीं दिया। वह नहीं चाहते थे कि हमें पता चले कि उन्होंने हमारे सपनों को साकार करने के लिए कितनी मेहनत की या कितना बलिदान दिया। यही कारण है कि हर पदक, हर पुरस्कार जो मैं जीतती हूं, वह उनका है। उन्होंने कहा, रिश्तेदार और पड़ोसी मेरे पिता से कहते थे कि हमें खेल के मैदान पर क्यों ले जा रहे हैं। वे लड़कियां हैं और वे शादी कर के चली जायेंगी। डी.मुरुगेसन पर हालांकि इसका कोई असर नहीं पड़ा। उन्होंने अपनी बेटियों को हॉकी, टेनिस, फुटबॉल, वॉलीबॉल खेलने के लिए प्रेरित किया। तुलसीमति और उनकी बहन को हालांकि बैडमिंटन सबसे चुनौतीपूर्ण लगा इसलिए उनके पिता ने इस खेल को चुनने का फैसला किया। उन्होंने कहा, जब हमने कहा कि यह कठिन है, तो मेरे पिता ने कहा कि यही खेल तुम्हारा पेशा होगा। और फिर उस फैसले ने हमारी जिंदगी बदल दी। परिवार की मुश्किल वित्तीय स्थिति के बीच भी मुरुगेसन ने अपनी बेटियों के सपने को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान छोटे टूनार्मेंटों से मिलने वाली इनामी राशियों का इस्तेमाल उन्होंने खेल से जुड़े उपकरण खरीदने में किया।




अपने बचपन के बारे में पूछे जाने पर तुलसीमति ने कहा, मैंने कई मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया है। मेरे सहपाठी मेरी दिव्यांगता के कारण मुझे चिढाते थे। वे मेरे रंग, मेरे हाथ और मेरी पृष्ठभूमि के कारण मुझे एलियन कहते थे। उन्होंने कहा, मैंने एक बार जिला स्तर के एक छोटे टूनार्मेंट में भाग लिया था और जब जीत कर लौटी तो कुछ सहपाठी मुझ से बात करने आये। उसी समय मैंने अपनी कड़वी यादों को पीछे छोड़ने के लिए जीवन में कुछ बड़ा हासिल करना के बारे में सोचा। मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के कारण तुलसीमति का बायां हाथ काम नहीं करता था लेकिन 2022 में एक सड़क दुर्घटना ने उनके इस हाथ को पूरी तरह से खराब कर दिया।

उन्होंने कहा, इस दुर्घटना के बाद मेरे माता-पिता कई दिनों तक रोते रहे। उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था कि मेरे साथ क्या हुआ था। इस चोट से उबरने के बाद तुलसीमति ने 15 देशों की यात्रा की और 16 स्वर्ण, 11 रजत और सात कांस्य पदक जीते। इसमें एशियाई पैरा खेलों में उल्लेखनीय उपलब्धि भी शामिल है। उन्होंने कहा, चेन्नई हवाई अड्डे पर मैंने पदक अपने पिता को समर्पित किए। मैंने घुटनों के बल बैठकर उन्हें ये पदक अर्पित किए। यह मेरे लिए सबसे यादगार पल था। पेरिस पैरालंपिक में हालांकि उन्होंने पदक जीतकर अपने करियर की सबसे बड़ी सफलता हासिल की। जब अर्जुन पुरस्कार की घोषणा की गई तब तुलसीमति नमक्कल में अपनी पशु चिकित्सा कक्षा में थी। उन्होंने कहा, मेरी कक्षाएं आम तौर पर शाम पांच बजे समाप्त होती हैं, लेकिन मुझे लगता है कि घोषणा दोपहर तीन बजे के आसपास की गई थी। मैं कक्षा में थी और मुझे इसके बारे में पता नहीं था। मेरी कक्षाएं समाप्त होने के बाद मैंने अपना फोन देखा तो वह बधाई संदेशों से भरा हुआ था। मेरे पास दोस्तों के भी कई फोन आये।

# 16 साल की अनहत ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

## ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वैश का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** देश की उभरती स्क्वैश खिलाड़ी 16 वर्षीय अनहत सिंह ने अंडर-17 ब्रिटिश ओपन जूनियर स्क्वैश टूनार्मेंट का खिताब जीत लिया। शीर्ष वरीय अनहत ने फाइनल में मिस्त्र की दूसरी वरीय मलिका अल कराक्सी को एक सेट से पिछड़ने के बाद 4-11, 11-9, 6-11, 11-5, 11-3 से हराया। अनहत इससे पहले यहां अंडर-11 और अंडर-15 वर्ग का खिताब जीत चुकी हैं। बीते वर्ष वह अंडर-17 वर्ग के फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन उन्हें यहां हार मिली थी। 2022 में अनहत राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाली देश की सबसे युवा खिलाड़ी बनी थीं। अनहत ने एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य जीता है। वर्तमान में उनकी विश्व रैंकिंग 82 है।



13 मार्च 2008 को दिल्ली में जन्मीं अनहत के पिता गुरशरण सिंह पेशे से वकील हैं। वहीं, मां तानी सिंह इंटीरियर डिजाइनर हैं। अनहत की बड़ी बहन अमीरा भी स्क्वैश प्लेयर हैं। वह अंडर-19 लेवल पर भारत की शीर्ष खिलाड़ियों में रह चुकी हैं। अमीरा स्नातक की डिग्री हासिल करने के बाद फिलहाल हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रही हैं। वह अभी हार्वर्ड महिला टीम के लिए स्क्वैश खेलती हैं। अनहत को स्क्वैश से पहले बैडमिंटन पसंद था। वह पीवी सिंधु को खेलता देख बड़ी हुई हैं। छह साल की उम्र में अनहत ने दिल्ली में पीवी सिंधु को खेलते देखा। तब सिंधु इंडिया ओपन में हिस्सा ले रही थीं। इसके बाद अनहत ने भी बैडमिंटन में भविष्य बनाने का सोचा। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में कुछ युवा स्तर के टूनार्मेंट भी जीते। हालांकि, अपनी दीदी अमीरा के नक्शेकदम में चलते हुए उन्होंने आठ साल की उम्र से नियमित रूप से स्क्वैश खेलना शुरू कर दिया। तब से लेकर अब तक अनहत स्क्वैश खेल रही हैं। इसके बाद कुछ ही समय में अनहत अंडर-11 और अंडर-13 में नंबर एक खिलाड़ी बन गईं।

## न्यूज डायरी

### तमंचा लहराते हुए दी जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज




**लोनी, करंट क्राइम।** कोतवाली क्षेत्र की सांई कालोनी में रहने वाले एक युवक ने गेट तोड़ने का प्रयास करने, तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए दो आरोपितों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सांई गार्डन कालोनी निवासी संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार रात्रि करीब साढ़े 10 बजे घर के बाद चिरौड़ी गांव में रहने वाला प्रशांत उर्फ जैरी पुत्र मुकेश अपने एक अन्य साथी के साथ आया और मेन गेट पर लात मारते हुए गाली गलोंच करने लगा। विरोध किया तो हाथ में तमंचा लहराते हुए पीड़ित और पीड़ित के परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। शोर शराबा सुनकर परिवार जब बाहर आए तो दोनों आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए तमंचा लहराते हुए वहां से भाग गये। सहायक पुलिस आयुक्त लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बच्चे की मौत




**लोनी, करंट क्राइम।** ई रिक्शा की टक्कर से मासूम बच्चे की मौत के मामले में करीब दो सप्ताह बाद परिजनों ने ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने कार्रवाई का आस्वासन दिया है। लोनी थाने की आशियाना सिटी कॉलोनी निवासी नईमा ने बताया कि 23 दिसम्बर की शाम 5 बजे बाजार में घर का सामान लेने जा रही थी इस दौरान उसके ढाई वर्षीय बेटे अब्दुल अहद ईरिक्शा चालक ने टक्कर मार दी थी। जिसमें बच्चा बुरी तरह घायल हो गया था उसे उपचार हेतु दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले जाया गया था लेकिन वहां बच्चे की मौत हो गई थी। गमगीन परिजन दो सप्ताह तक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने नही पहुंचे बच्चे की मां का कहना है कि दो सप्ताह बाद थाने पहुंचकर सोमवार को रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन घायल




**लोनी, करंट क्राइम।** मासूम को लेकर डाक्टर के पास जा बाइक सवार को लोनी कोतवाली क्षेत्र के रूपनगर कालोनी कट के सामने पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मासूम समेत तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है। राम इंक्लेव बंथला निवासी विनोद कुमार ने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व मेरा विपिन वह प्रमोद बाइक द्वारा प्रमोद की 5 वर्षीय बेटी मानवी को डाक्टर को दिखाने ले जा रहे थे। जैसे ही रूप नगर कट के सामने पहुंचे। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मासूम समेत दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया।

### घर में घुसकर मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज




**लोनी, करंट क्राइम।** कोतवाली क्षेत्र की गिरी मार्केट कालोनी में रहने वाली एक महिला ने घर में घुस कर मारपीट का आरोप लगाते हुए दो महिलाओं के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरी मार्केट कालोनी की शायरा ने बताया कि पांच जनवरी को डाबर तालाब कालोनी में रहने वाली गुलबहार व मनतशा मेरे घर पर आई और घर के अंदर घुस कर गाली गलोंच करने लगी। विरोध करने पर मेरे और मेरी बेटियों को जमकर पीटा। जिससे मां बेटी बुरी तरह चोटिल हो गई। मारपीट के बाद वहां से भाग गयी। सहायक पुलिस आयुक्त लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गर्म पानी में गिरने से झुलसे बच्चे की मौत



**लोनी, करंट क्राइम।** गर्म पानी की बाल्टी में गिरकर झुलसे उपचाराधीन मासूम बच्चे की दिल्ली के एम्स अस्पताल में मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। गौरतलब है कि 25 दिसम्बर को लोनी वार्डर की अमित कॉलोनी निवासी अरविन्द पाल का दो वर्षीय पुत्र सुबह नौ बजे गर्म से भरी बाल्टी में गिरने के कारण बुरी तरह झुलस गया था। उसको उपचार हेतु दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन वहां चिकित्सकों ने एम्स रेफर कर दिया था। वहां सोमवार रात बच्चे की मौत हो गई जिसके बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।




### किस थाने में हुई टू और थ्री-स्टार की हॉट- टॉक

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के किस्से और कहानियां मकर महकमे वालों को हंसाने व रोमाच पैदा कराने का काम करती है। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि साल के अंतिम सप्ताह का एक मामला इन दिनों कमिश्नरेट में जमकर चर्चा के बीच आया है। सुनने में आ रहा है कि देहात वाले जोन के एक थाना प्रभारी और वहां के एक टू-स्टार के बीच बीते दिनों जमकर हॉट टॉक होने की जानकारी मिल रही है। बताया जा रहा है कि मामला दिसंबर के अंतिम सप्ताह का था, किसी टॉपिक को लेकर थाने वाले थ्री-स्टार और उसी थाने के टू-स्टार के बीच हॉट टॉक शुरू हुई थी और हॉट-टॉक का मामला थाने के बीच अब इसकी और चर्चा जमकर घूम रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बताते हैं कि पूरा मामला देहात जोन के एक थानाक्षेत्र का है। सूत्रों के जरिये सुनने में आया है कि यह वही सर्किल है जहां बीते दिनों कुछ वीडियो और हाइलाइट वाला मामला प्रकाश में आया था। पुलिस लाइन के सूत्रों के बीच भी इस पूरे किस्से की चर्चा जमकर हो रही है। हालांकि इस पूरे मामले में ना तो अभी तक थ्री- स्टार झुके हैं और ना ही टू-स्टार पर कोई एक्शन वाली बात आगे बढ़ रही है। वहीं बताया जा रहा है यह उस हफ्ते का मामला है, जब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में मौसम में बेहद ठंडक थी, पर दोनों खाकी वालों के बीच जब हॉट टॉक वाला सीन आया तो मामला बेहद हॉट हो गया था। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के देहात जोन में चर्चा है कि आखिर थ्री- स्टार और टू-स्टार के बीच किस मामले को लेकर इतनी गर्मी वाला सीन हुआ था। उधर पुलिस कमिश्नरेट में देहात जोन के सूत्र बता रहे हैं कि पूरा मामला थाने के एक प्रमुख विवाद से जुड़ा हुआ था। जिसमें थाना प्रभारी की राय अलग और वहां के टू-स्टार अपनी गाथा सुन रहे थे। जो थाना प्रभारी को नागंवार गुजरी और थ्री- स्टार का पार इसी पर हाई हो गया था। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे अभी लिस्ट को लेकर कोई हलचल नहीं दिखाई दे रही है लेकिन जिस तरीके से देहात वाले एक सर्किल और वहां के प्रभारी के बीच का जो मामला इन दिनों बाहर में चर्चा का विषय बना हुआ है, उसको लेकर कहीं कोई एक्शन वाला मोड ना ले लिया जाए। देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में थाना प्रभारियों के स्तर पर पहली बड़ी लिस्ट कब आती है।




# धूमधाम से मनाया गया बालकिशन गुप्ता बालू का जन्मदिन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। व्यापार मंडल पदाधिकारी समाजसेवी बालकिशन गुप्ता बालू का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। समाज के सभी वर्गो के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना की। बालकिशन गुप्ता बालू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## न्याय खंड 2 में खराब स्ट्रीट लाइट गलियों में भरा सीवर का पानी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के न्यायखंड 2 की 600 वाली लाइन वाली गली में पिछले 1 महीने से स्ट्रीट लाइट बन्द होने की वजह से अंधेरा रहता है। स्थानीय निवासी किशोर ठाकुर ने बताया कि न्याय खंड 2 में अंधेरा रहता है जिस कारण रात को लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है उन्होंने बताया इसकी शिकायत जीडीए व नगर निगम की है लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा। गलियों में भरा पड़ा है सीवर का पानी, होती है बहुत परेशानी। भरे हुए पानी पर मच्छर बैठते हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बनारहता है। निवासियों का अंधेरे में रहने से किसी अनहोनी का डर बना रहता है। महिलाओं व बच्चों ने रात को 6 बजे के बाद से घरों से निकलना बंद कर दिया है। क्षेत्रीय पार्षद को विश्व की शिकायत की है उनका कहना है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

## नोएडा में चला प्राधिकरण का बुलडोजर

### 480 करोड़ की जमीन कराई खाली, भूमाफिया कर रहे थे अवैध प्लाटिंग



**नोएडा(करंट क्रइम)।** जिला प्रशासन और नोएडा प्राधिकरण का अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन जारी है। मंगलवार को संयुक्त कार्रवाई में डूब क्षेत्र से कीमती जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। इसकी कुल कीमत लगभग 480 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। जमीन पर अवैध रूप से बाउंडरी वॉल बनाकर प्लाटिंग की जा रही थी। इस एक्शन के बाद कब्जादारों में हड़कंप मच गया है।

#### छोटे-छोटे प्लॉट बनाकर बेचे रहे थे भू-माफिया

प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि करीब 250 बीघा की यह जमीन हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में स्थित है। इस क्षेत्र में पिछले कुछ समय से अवैध प्लॉटिंग का धंधा चल रहा था। भू-माफिया द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर छोटे-छोटे प्लॉट बनाकर बेचे जा रहे थे। भूमाफियाओं ने प्राधिकरण ने बार-बार नोटिस देने के बावजूद कब्जा नहीं छोड़ा। प्राधिकरण कर्मचारियों और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में लगभग तीन घंटे तक जेसीबी मशीनों से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

#### प्राधिकरण ने जारी की एडवाइजरी

नोएडा प्राधिकरण ने इस संबंध में एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें आम जनता को सावधान किया गया है कि वे बिना प्राधिकरण से जांच-पड़ताल किए किसी भी कलोनाइजर से जमीन न खरीदें। किसी भी प्रकार की प्रॉपर्टी खरीदने से पहले दस्तावेज की जांच अवश्य कर लें।नोएडा में चला प्राधिकरण का बुलडोजर : 480 करोड़ की जमीन कराई खाली, भूमाफिया कर रहे थे अवैध प्लाटिंग

जिला प्रशासन और नोएडा प्राधिकरण का अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन जारी है। मंगलवार को संयुक्त कार्रवाई में डूब क्षेत्र से कीमती जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। इसकी कुल कीमत लगभग 480 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। जमीन पर अवैध रूप से बाउंडरी वॉल बनाकर प्लाटिंग की जा रही थी। इस एक्शन के बाद कब्जादारों में हड़कंप मच गया है।

#### छोटे-छोटे प्लॉट बनाकर बेचे रहे थे भू-माफिया

प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि करीब 250 बीघा की यह जमीन हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में स्थित है। इस क्षेत्र में पिछले कुछ समय से अवैध प्लॉटिंग का धंधा चल रहा था। भू-माफिया द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर छोटे-छोटे प्लॉट बनाकर बेचे जा रहे थे। भूमाफियाओं ने प्राधिकरण ने बार-बार नोटिस देने के बावजूद कब्जा नहीं छोड़ा। प्राधिकरण कर्मचारियों और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में लगभग तीन घंटे तक जेसीबी मशीनों से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

## हापुड़ कोतवाली देहात परिसर में युवक ने बनाई रील, एफआईआर

### जब्त बाइक को न्यायालय के आदेश पर गया था लेने



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में युवाओं में रील बनाने का क्रेज दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। वो हर मूवमेंट का रील बना रहे है। कई बार तो अपनी जान तक को जोखिम में डालकर युवक ऐसा करते हैं। ऐसा ही एक वीडियो कोतवाली हापुड़ देहात का वीडियो सामने आया है। जहां बाइक सवार एक युवक पुलिस स्टेशन में बाइक से स्टंट कर रील बनाते हुए नजर आ रहा है। अब पुलिस उस युवक की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार बीते साल पुलिस ने एक याबाइक को जब्त कि था। बाइक थाने के अंदर खड़ी हुई थी। न्यायालय के आदेश पर बाइक को छोड़ा गया था। इस दौरान युवक ने थाने के अंदर व बाहर निकलते समय स्टंट करते हुए रील बनाया। पुलिस वीडियो को संज्ञान में लेकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि वीडियो के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। किसी भी सूरत में कानून की धज्जियां नहीं उड़ाने दी जाएगी। फिलहाल युवक के बारे में खोजबीन की जा रही है।

## कपड़े की दुकान में लगी आग, पत्नी की जलकर मौत

### पति को अस्पताल में कराया भर्ती, एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के सेक्टर-63 के एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। दुकान के अंदर सो रहे पति-पत्नी दोनों ही बुरी तरह से झुलस गए। इसमें पत्नी की मौत हो गई है। दुकान छिजारसी गांव के अंदर है। आसपास के लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को जानकारी दी। मौके पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों को भेजा गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अंदर फंसे दंपति को बाहर निकाला गया। उनको तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जिसमें महिला की मौत हो गई। वहीं पति का इलाज चल रहा है।

#### दुकान में सो रहे थे दंपती

सीएफओ ने बताया कि कि छिजारसी में रोहित शर्मा की केएस क्लॉथ हाउस एंड रेडिमेट गारमेंट शॉप के नाम से कपड़े की दुकान है। सोमवार रात को दुकान के अंदर ही पति रोहित और पत्नी विनिता (36) दोनों सो रहे थे। परिजनों ने बताया कि दोनों वहीं पर ही सोते थे। मंगलवार तड़के करीब 3 बजे के आसपास दुकान में शॉट सर्किट हुआ। जिससे तेजी से आग फैली। धुंआ भरने के कारण दोनों अचैत अवस्था में आ गए। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। मौके पर चार दमकल की गाड़ियां पहुंची। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया।

#### धुआं भरने की वजह से हुई मौत

दंपती को अस्पताल भेजा गया। अधिक धुंआ इनहेल होने की वजह से पत्नी की दम घुट गया। उसका शरीर में काफी हद तक जल गया। वहीं पति की स्थिति भी नाजुक है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज किया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट ही वजह सामने आई है।

## प्रकाश पर्व के अवसर पर कीर्तन दरबार का हुआ आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रेलवे रोड बजरिया पर मंगलवार को कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया। शाम 7:30 कार्यक्रम आरंभ हुआ और रात 10:00 बजे तक निरंतर जारी रहा। इसके उपरांत अरदास का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर आई हुई संगत को कड़ा प्रसाद भी वितरित किया गया। कीर्तन दरबार की समाप्ति के बाद गुरु का लंगर बाबा जी के हुकुम तक चलता रहा। गाजियाबाद के अलग-अलग स्थान से गुरु की संगत आई और कीर्तनियों का कीर्तन हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब को लाइटों और फूलों के द्वारा सजाया गया था।

## न्यूज डायरी

### 2025 में श्रीलंका का दौरा करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल के भीतर श्रीलंका का दौरा करेंगे। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को जानकारी साझा की है, हालांकि, दोनों पक्षों द्वारा तारीखों पर अभी फैसला किया जाना बाकी है। भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने कहा, 'हम यात्रा के लिए एक अनुकूल समय तय करने की प्रक्रिया में हैं।' बता दें कि, राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने दिसंबर के मध्य में नई दिल्ली की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी को यह निमंत्रण दिया था। सितंबर में राष्ट्रपति चुने जाने के बाद दिसानायके ने सबसे पहले नई दिल्ली का दौरा किया। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 और 2017 के बीच दो बार श्रीलंका का दौरा किया।

### कैथोलिक चर्च में बड़ा बदलाव

**इटली।** पहली बार इटली के वेटिकन कार्यालय का नेतृत्व एक महिला के पास होगा। पोप फ्रांसिस ने इतालवी नन सिस्टर सिमोना ब्राम्बिला (59) को कार्यालय का प्रमुख नियुक्त किया है, जो कैथोलिक चर्च के धार्मिक आदेशों के लिए जिम्मेदार है। पोप ने स्पेनिश कार्डिनल एंजेल फर्नांडीज आर्टिम को विभाग का उप-प्रमुख नियुक्त किया। पोप ने 2016 में बारबरा जट्टा को वेटिकन संग्रहालय का प्रमुख बनाया था, पर पहले किसी महिला को कैथोलिक चर्च के दफ्तर में प्रमुख भूमिका नहीं दी गई थी।

### नेपाल को सौंपा गया भारत की मदद से निर्मित कॉलेज परिसर व छात्रावास

**काठमांडो।** नेपाल के मयागडी जिले में भारत की सहायता से बने एक कॉलेज के परिसर और छात्रावास भवन को सोमवार को इसकी प्रबंधन समिति को सौंप दिया गया। भारतीय दूतावास ने कहा, लगभग 2.80 करोड़ नेपाली रुपये की लागत से म्यागदी मल्टीपल कॉलेज के परिसर और छात्रावास भवनों का निर्माण नेपाल-भारत विकास सहयोग से किया गया। इसे औपचारिक रूप से मयागडी के जिला समन्वय समिति के प्रमुख राज कुमार थापा और काठमांडो में भारतीय दूतावास के काउंसलर अविनाश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कैंपस प्रबंधन समिति को सौंप दिया। भारत के अनुदान का इस्तेमाल मानविकी ब्लॉक, प्रबंधन ब्लॉक, लड़कियों के छात्रावास ब्लॉक और अन्य संबद्ध सुविधाओं समेत परिसर के भवनों के निर्माण के लिए किया गया था। तैयार किए गए बुनियादी ढांचे से मयागडी मल्टीपल कैंपस के छात्रों को उच्च शिक्षा और छात्रावास सुविधाओं में मदद मिलेगी। इससे पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल बनाने और क्षेत्र में शिक्षा क्षेत्र के समग्र विकास में मिलेगी।

### मालदीव : भारतीय उच्चायुक्त का द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर जोर

**मालदीव।** मालदीव में भारत के नवनियुक्त उच्चायुक्त जी. बालासुब्रमण्यम ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को अपना परिचय पत्र सौंपा। इस दौरान दोनों पक्षों ने विकास सहयोग, निवेश बढ़ाने व लोगों से लोगों के बीच संबंध मजबूत करने पर जोर दिया। 1998 बैच के आईएफएस अधिकारी बालासुब्रमण्यम, मनु महावर की जगह लेंगे, जिनका गत वर्ष नवंबर में कार्यकाल समाप्त हुआ है। बालासुब्रमण्यम ने कहा, मुइज्जू को परिचय पत्र (आईडी) सौंपने के दौरान उनसे प्राकृतिक साझेदार होने के नाते द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। भारतीय राजनयिक को मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) ड्रम और ट्रम्पेट बैंड के साथ ह्यहैयकोल्हूह्न नामक एक सांस्कृतिक जुलूस में रिपब्लिक स्क्वायर से राष्ट्रपति कार्यालय तक ले गए। बालासुब्रमण्यम ने मुइज्जू को पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर की ओर से शुभकामनाएं भी दीं।

### अमेरिका में बर्ड फ्लू से पहली मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बर्ड फ्लू से जुड़ी पहली मौत की सूचना मिली है। लुइसियाना राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मरीज बुजुर्ग था और अन्य बीमारियों से पीड़ित था। 65 वर्ष से अधिक आयु के मरीज को सांस संबंधी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था और यह अमेरिका में पाया गया ल्5ठ1 वायरस के मानव संक्रमण का पहला गंभीर मामला था। बयान में कहा गया कि इस मौत के बावजूद बर्ड फ्लू से होने वाला सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम बना हुआ है।

### भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की मौत का जिम्मेदार पुलिस अधिकारी बर्खास्त

**यूएन।** भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की मौत मामले में एक नया मोड सामने आया है। यहां सिएटल के पुलिस अधिकारी को विभाग से बर्खास्त कर दिया गया है, जिसने जनवरी 2023 में कंडुला को अपनी तेज रफ्तार कार से टक्कर मार दी थी। पुलिस अधिकारी केविन डेव 23 जनवरी, 2023 को सिएटल में एक गश्ती कार चला रहा था और उसने सड़क पार कर रही आंध्र प्रदेश की 23 वर्षीय कंडुला को टक्कर मार दी थी। उस समय, डेव की कार की रफ्तार 74 मील प्रति घंटे (119 किमी/घंटा से अधिक) थी। कार से टक्कर लगने के कारण कंडुला 100 फुट दूर जा गिरी थी। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिएटल पुलिस की अंतरिम प्रमुख सू राहर ने कहा कि उन्होंने डेव को सिएटल पुलिस विभाग से बर्खास्त कर दिया है। सू राहर द्वारा कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि सोमवार को डेव को नौकरी से निकाल दिया गया। मेल में कहा गया है कि सिएटल पुलिस के जवाबदेही कार्यालय ने पाया कि डेव ने विभाग की चार नीतियों का उल्लंघन किया था। उनकी खतरनाक ड्राइविंग के नतीजों को स्वीकार नहीं किया जा सकता, उसके कारण किसी की जान गई है। इसके साथ ही सिएटल पुलिस विभाग की बदनामी हुई। यह घटनाक्रम सिएटल के एक अन्य पुलिस अधिकारी डैनियल ऑडरर को कंडुला की मौत के बाद उसकी असंवेदनशील टिप्पणियों और हंसने के कारण नौकरी से निकाले जाने के कुछ महीने बाद हुआ है।

### कैलिफोर्निया में जनजातीय भूमि की रक्षा के लिए बाइडन करेंगे घोषणा

**कैलिफोर्निया।** राष्ट्रपति जो बाइडन कैलिफोर्निया में दो नए राष्ट्रीय स्मारक स्थापित कर रहे हैं जो मूल अमेरिकी जनजातियों का सम्मान करेंगे, व्हाइट हाउस ने मंगलवार को पुष्टि की, क्योंकि बाइडन अपनी 'अमेरिका द ब्यूटीफुल' पहल के माध्यम से 2030 तक कम से कम 30 प्रतिशत अमेरिकी भूमि और जल को संरक्षित करना चाहते हैं। मंगलवार को हस्ताक्षरित होने वाली घोषणाओं के अनुसार जोशुआ ट्री नेशनल पार्क के पास दक्षिणी कैलिफोर्निया में चकवाला राष्ट्रीय स्मारक और उत्तरी कैलिफोर्निया में सत्तितला राष्ट्रीय स्मारक बनाया जाएगा। इन घोषणाओं में 624,000 एकड़ (2,400 वर्ग किलोमीटर) चकवाला साइट और उत्तरी कैलिफोर्निया में ओरेगन सीमा के पास लगभग 225,000 एकड़ (800 वर्ग किलोमीटर) पर ड्रिलिंग और खनन और अन्य विकास पर रोक है। व्हाइट हाउस ने कहा कि नए स्मारक समुदायों के लिए स्वच्छ जल की रक्षा करेंगे, आदिवासी राष्ट्रों और स्वदेशी लोगों के लिए सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों का सम्मान करेंगे और प्रकृति तक पहुंच बढ़ाएंगे। जो बाइडन न्यू ऑरलियन्स में नए साल के हमले में पीड़ितों के परिवारों से सोमवार को मिलने के बाद मंगलवार को लॉस एंजिल्स और पूर्वी कोचेला घाटी का भी दौरा करने वाले हैं।

### विकासशील देशों के ब्रिक्स समूह में इंडोनेशिया शामिल

**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया को विकासशील देशों के ब्रिक्स समूह के पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समूह के अध्यक्ष देश ब्राजील ने सोमवार को इसकी घोषणा की। ब्राजील के विदेश मंत्रालय के अनुसार, जो 2024 में इस समूह की अध्यक्षता करेगा, इंडोनेशिया की उम्मीदवारी को अगस्त 2023 में ब्रिक्स नेताओं द्वारा समर्थन दिया गया था। हालांकि, दुनिया के चौथे सबसे अधिक आबादी वाले देश ने अपनी नव निर्वाचित सरकार के गठन के बाद ही औपचारिक रूप से समूह में शामिल होने का निर्णय लिया। सरकार ने एक बयान में कहा, 'ब्राजील सरकार इंडोनेशिया के ब्रिक्स में प्रवेश का स्वागत करती है। दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे बड़ी जनसंख्या और अर्थव्यवस्था के साथ, इंडोनेशिया अन्य सदस्यों के साथ वैश्विक शासन संस्थानों में सुधार के लिए प्रतिबद्धता साझा करता है और दक्षिण-दक्षिण सहयोग को गहरा करने में सकारात्मक योगदान देगा।' बता दें कि ब्रिक्स का गठन 2009 में ब्राजील, रूस, भारत और चीन द्वारा किया गया था, और 2010 में दक्षिण अफ्रीका को इसमें शामिल किया गया। पिछले साल, गठबंधन का विस्तार ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात को शामिल करने के लिए किया गया। सऊदी अरब को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है, लेकिन उसने अभी तक ऐसा नहीं किया है। तुर्की, अजरबैजान और मलेशिया ने भी औपचारिक रूप से सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है, और कुछ अन्य ने भी रुचि दिखाई है।

# वेस्ट बैंक में इस्राइली सेना ने रातभर किए हमले, तीन फलस्तीनियों की मौत, 20 से ज्यादा आतंकी गिरफ्तार





**इस्राइल।** इस्राइली सेना ने मंगलवार को अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में कई हमले किए, जिसमें तीन फलस्तीनी मारे गए। सेना ने बताया कि तमुन में उनके जवानों पर गोली चलाई गई, जिसके बाद उन्होंने जवाबी कार्रवाई करते हुए हवाई हमले में दो फलस्तीनियों को मार गिराया। पास के गांव तालुजा में आमने-सामने की भिड़ंत में इस्राइली सेना ने एक अन्य आतंकी को ढेर कर दिया। इस दौरान एक इस्राइली सैनिक घायल हो गया। सेना ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से 20 से ज्यादा आतंकियों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि हाल ही में वेस्ट बैंक में इस्राइलियों को ले जा रही बस पर बंदूकधारियों ने गोलीबारी की थी। मौके से फरार होने से पहले उन्होंने एक 35 वर्षीय पुलिसकर्मी और दो महिलाओं को मार डाला। सेना ने इस घटना का हवाला देते हुए कहा कि रातभर की कार्रवाई का इस गोलीबारी से कोई संबंध नहीं है। इस्राइल में सात अक्तूबर को हुए हमले को अब 15 महीने पूरे हो चुके हैं। इस बीच आतंकियों ने इस्राइलियों पर गोलीबारी, चाकू से हमले और कार से टक्कर मारने जैसी कई घटनाओं को अंजाम दिए।

इस्राइल ने रात में अभियान चलाकर आतंकियों पर हमला किया। इस दौरान कई नागरिकों की भी मौत हुई। बता दें कि इस्राइली नागरिकों द्वारा फलस्तीनियों पर हमले की घटनाओं में भी तेजी से वृद्धि हुई है, जिसके कारण अमेरिका को प्रतिबंध लगाना पड़ा। इस्राइल ने 1967 में ही वेस्ट बैंक पर कब्जा कर लिया था।

### 15 महीने से जारी है संघर्ष

सात अक्तूबर 2023 में हमास ने इस्राइल पर हमला किया था। इस हमले में 1200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। हमास कई लोगों को बंधक बनाकर भी लगे गए थे। इस्राइली वायु सेना (आईएएफ) ने गाजा के खान यूनिस में मानवीय क्षेत्र में खुफिया जानकारी के आधार पर हमला किया और दक्षिणी गाजा में हमास आंतरिक सुरक्षा बलों के प्रमुख हस्साम शाहवान को मार गिराया है।

# तिब्बत में 6.8 तीव्रता वाले भूकंप ने मचाई तबाही, 95 लोगों की मौत, 130 घायल

## भूकंप के झटके भारत में भी महसूस किए गए



**तिब्बत।** तिब्बत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। इस भीषण भूकंप में 95 लोगों की मौत हो गई। जबकि 130 लोग घायल हुए हैं। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार मंगलवार सुबह 9:05 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 6.8 मापी गयी। चीन की सरकारी मीडिया मुताबिक तिब्बत के शिजांग शहर के डिंगरी काउंटी में 6.8 तीव्रता के भूकंप में 95 लोगों की मौत हुई है। 130 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 28.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.45 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।

इससे पहले नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि मंगलवार सुबह से ही तिब्बत क्षेत्र के शिजांग में भूकंप झटके महसूस किए जा रहे हैं। यहां सुबह 6:30 बजे 7.1 तीव्रता के साथ 10 किमी गहराई पर भूकंप आया। इसके बाद 7:02 बजे 4.7 तीव्रता, 07:07 बजे 4.9 तीव्रता और 7:13 बजे पांच तीव्रता का भूकंप आया। इसके चलते लोग घरों को छोड़कर खुले स्थानों की ओर चले गए।

### भारत में भी महसूस किए गए झटके

भूकंप के झटके भारत के कई राज्यों में भी महसूस किए गए। इसकी जद में सबसे ज्यादा बिहार आया। इसके अलावा असम, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस दौरान डरे सहमे लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। यूएसजीएस भूकंप के मुताबिक, भूकंप का केंद्र लोबुचे से 93 किमी उत्तर पूर्व में था।

### क्यों आता है भूकंप?

पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

### जानें क्या है भूकंप के केंद्र और तीव्रता का मतलब?

भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

## महाभियोग झेल रहे यून सुक येओल की मुश्किलें बढ़ीं

# हिरासत के लिए कोर्ट ने जारी किया नया वारंट



**दक्षिण कोरिया।** दक्षिण कोरिया की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी को महाभियोग लगाए गए राष्ट्रपति यून सुक येओल को हिरासत में लेने के लिए कोर्ट से नया वारंट मिला है। पिछले सप्ताह भी जांच एजेंसी ने यून को हिरासत में लेने का प्रयास किया था, लेकिन राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा ने उनके प्रयास को विफल कर दिया था।

हालांकि, उच्च पदस्थ अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार जांच कार्यालय ने मंगलवार को पुष्टि नहीं की कि वारंट कितने समय तक वैध रहेगा। एजेंसी के मुख्य अभियोजक ओह डोंग-वून ने सांसदों के वारंट की वैधता के सवाल का उत्तर नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी जानकारी संवेदनशील है, क्योंकि एजेंसी और पुलिस वारंट को अमल में लाने के तरीकों पर विचार कर रही है। वारंट आमतौर पर सात से 10 दिनों तक चलते हैं।

संसद द्वारा 14 दिसंबर को उन पर महाभियोग चलाने के लिए मतदान करने के बाद यून की राष्ट्रपति शक्तियों को निलंबित कर दिया गया। संवैधानिक न्यायालय ने इस बात पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है कि यून को औपचारिक रूप से पद से हटाया जाए या उन्हें बहाल किया जाए। अगर जांचकर्ता यून को हिरासत में लेने में कामयाब हो जाते हैं, तो वे औपचारिक गिरफ्तारी करने की अनुमति के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे अन्यथा उन्हें (यून को) 48 घंटे बाद रिहा कर दिया जाएगा।

इससे पहले दक्षिण कोरिया की भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी ने पुलिस से अपील की कि महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल को हिरासत में लेने के लिए इस मामले को अपने हाथ में ले ले। पिछले सप्ताह शुक्रवार को भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी ने यून को हिरासत में लेने का प्रयास किया था, लेकिन राष्ट्रपति की सुरक्षा सेवा के साथ कई घंटों के गतिरोध के कारण वह ऐसा करने में नाकाम रही थी। इसके बाद एजेंसी की क्षमता पर सवाल उठने लगे।

भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी और पुलिस ने सोमवार को यून की हिरासत के संबंध में एक सप्ताह के वारंट की अवधि समाप्त होने से कुछ घंटे पहले इस चर्चा किए जाने की पुष्टि की। पुलिस ने कहा कि वह एजेंसी के अनुरोध पर विचार कर रही है। वारंट की अवधि सोमवार मध्य रात्रि को समाप्त हो गई थी। माना जाता है कि पुलिस के पास राष्ट्रपति को हिरासत में लेने के वास्ते संभवतः अधिक सशक्त प्रयास करने के लिए संसाधन हैं।

सियोल वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने यून को हिरासत में लेने का वारंट 31 दिसंबर को जारी किया था, क्योंकि वह पूछताछ के लिए जांच अधिकारियों के समक्ष पेश नहीं हो रहे थे। जब तक यून अपने आधिकारिक आवास में हैं उन्हें हिरासत में लिया जाना काफी जटिल है। राष्ट्रपति इस बात से निराश थे कि विपक्षी दलों की बहुमत वाली संसद उनकी नीतियों को बाधित कर रही थी, जिसके बाद उन्होंने तीन दिसंबर को मार्शल लॉ लगाने की घोषणा की। हालांकि मार्शल लॉ केवल कुछ घंटे तक ही लागू रहा, लेकिन इसने देश की राजनीति, कूटनीति और वित्तीय बाजारों में हलचल मचा दी। भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी, पुलिस और सैन्य जांच अधिकारी संयुक्त रूप से इस मामले की जांच कर रहे हैं।

# यूरोपीय न्यायालय ने प्रवासियों के अवैध निर्वासन पर ग्रीस के खिलाफ सुनाया फैसला




### 'अवैध रूप से सीमा पार कराने की एक व्यवस्थित प्रथा'

न्यायालय ने यह भी माना कि ग्रीक अधिकारियों की तरफ से तीसरे देशों के नागरिकों को अवैध रूप से सीमा पार कराने की एक व्यवस्थित प्रथा चल रही थी, खासकर ग्रीस के एवरोस क्षेत्र में। हालांकि, अदालत ने अफगानिस्तान के एक युवक के आरोप को खारिज कर दिया, जो कह रहा था कि उसे 2020 में सैमोस द्वीप से तुर्की भेज दिया गया था, जब वह 15 साल का था।

**यूएन।** यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय ने ग्रीस के खिलाफ एक अहम फैसला सुनाया है, जिसमें कहा गया कि ग्रीस ने एक महिला को अवैध रूप से तुर्की भेज दिया था और इस प्रक्रिया को 'व्यवस्थित' बताया। यह फैसला 7 जनवरी को स्ट्रासबर्ग, फ्रांस में सुनाया गया। न्यायालय ने 2019 में ग्रीस-तुर्की सीमा पार करने वाली तुर्की की एक महिला, जिसे केवल अ फए के नाम से पहचाना गया, को 20,000 यूरो (लगभग 21,000 डॉलर) का मुआवजा दिया। कोर्ट ने कहा कि उस महिला को शरण का आवेदन करने का कोई मौका नहीं दिया गया और उसे गलत तरीके से तुर्की भेजा गया।

वहीं ग्रीस के सरकारी प्रतिनिधियों ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि ग्रीस की सीमा नीतियां अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करती हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने ग्रीस से आग्रह किया है कि वह इन आरोपों की गहराई से जांच करे, जबकि मानवाधिकार संगठनों ने इन अवैध वापसीयों को एक व्यवस्थित प्रथा बताया है। ग्रीस के राष्ट्रीय पारदर्शिता प्राधिकरण, जो एक भ्रष्टाचार निरोधक सरकारी निकाय है, ने 2022 में चार महीने की जांच के बाद इन आरोपों को खारिज किया था। यह फैसला यूरोप में शरणार्थियों के मामलों को लेकर भविष्य में ग्रीस और अन्य यूरोपीय देशों की नीतियों को प्रभावित कर सकता है।

### क्या है यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय?

यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय, फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में मौजूद एक अंतरराष्ट्रीय न्यायालय है, जो यूरोप की परिषद के 46 सदस्य राज्यों की तरफ से मानवाधिकारों के उल्लंघन का फैसला करता है, जो यूरोपीय संघ और उसके पूर्ववर्ती, यूरोपीय आर्थिक समुदाय से भी पुराना निकाय है।

# पाकिस्तान में 22000 से अधिक नौकरशाहों के पास दोहरी नागरिकता, राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर बढ़ी चिंता



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की आर्थिक हालत किसी से छिपी नहीं है। आए दिन अपने मददगारों के सामने हाथ फैलाता रहता है। इस बीच एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। दरअसल, राष्ट्रीय विधानसभा (एनए) के एक पैनल को सूचित किया गया कि देश में 22,000 से अधिक नौकरशाहों के पास दोहरी नागरिकता है। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। राजा खुर्रम नवाज की अध्यक्षता में सोमवार को राष्ट्रीय विधानसभा की आंतरिक मामलों की स्थायी समिति की बैठक हुई। इस दौरान सदस्यों ने दोहरी नागरिकता की प्रथा पर चिंता जताई। साथ ही नौकरशाहों, न्यायाधीशों और सांसदों के लिए इस चलन को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठाने का आह्वान किया।

बैठक में प्रस्तावित कानून पर विचार-विमर्श किया गया, जिसके तहत उन देशों के नागरिकों को पाकिस्तानी पासपोर्ट दिया जाएगा, जिनके साथ इस्लामाबाद के दोहरी राष्ट्रीयता समझौता है। तभी चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि 22 हजार नौकरशाहों के पास दोहरी नागरिकता है। समिति के सदस्य अब्दुल कादिर पटेल ने हैरानी जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय विधानसभा के सदस्यों और न्यायाधीशों को दोहरी नागरिकता रखने से मना किया गया था, जबकि नौकरशाहों को इससे छूट दी गई थी। उन्होंने प्रस्तावित विधेयक में यह प्रावधान जोड़ने की सिफारिश की कि जिन व्यक्तियों के पास दोहरी नागरिकता हो, उन्हें नौकरशाह के रूप में नियुक्त नहीं किया जाए। उन्होंने इस तर्क को भी चुनौती दी कि राजनेताओं को राज्य की गोपनीयता की रक्षा करने की आवश्यकता के कारण दोहरी नागरिकता नहीं दी जाती है।

### दोहरी नागरिकता के बारे में विस्तृत आंकड़े देने की मांग

पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अघा रफीउल्लाह ने पाकिस्तानियों की दोहरी नागरिकता के बारे में विस्तृत आंकड़े देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह भी जानने की आवश्यकता है कि कितने लोगों ने अपनी विदेशी नागरिकता छोड़ दी है और क्या राष्ट्रीय डेटाबेस (ठअऊफ्रअ) में यह जानकारी मौजूद है कि ये व्यक्ति किन देशों से जुड़े हुए हैं।

# रक्षा उपकरणों के साझा विकास पर इंडोनेशिया और जापान सहमत, वार्ता फिर शुरू करने का लिया फैसला




**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह जापान के साथ नौसैनिक जहाजों के संयुक्त विकास पर फिर से वार्ता शुरू करने पर सहमत हुई है। यह वार्ता बीते कुछ वर्षों से रुकी हुई थी। जापान के रक्षा मंत्री जनरल नकातानी ने आज अपने इंडोनेशियाई समकक्ष सजाफ्री सजामसोएद्दीन के साथ एक बैठक की, जिसमें दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की गई। उन्होंने समुद्री जहाजों और अन्य रक्षा उपकरणों के साझा विकास और तकनीकी हस्तांतरण (टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) पर वार्ता जारी रखने का फैसला किया। जनरल नकातानी इंडोनेशिया के दौरे पर हैं।

बैठक को लेकर इंडोनेशियाई रक्षा मंत्रालय ने क्या कहा

इंडोनेशियाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर फ्रेगा वेनस ने कहा, 'दोनों रक्षा मंत्रियों ने सैन्य उपकरणों के विकास में सहयोग करने के फैसले का स्वागत किया है। हमें यह देखना होगा कि (सैन्य उपकरणों का) साझा विकास कहां पर होगा और क्या इसमें जहाजों या अन्य रक्षा उपकरणों का भी विकास होगा।' जापान अभी अपने रक्षा उपकरणों (जैसे फ्रिगेट या पनडुब्बियों का निर्यात) और प्रौद्योगिकी के निर्यात पर सख्त नियमों का पालन करता है और इसलिए माना जा रहा है कि साझा विकास ही रक्षा उपकरणों और प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण का सबसे व्यावहारिक तरीका है।

जापानी मीडिया के मुताबिक, नकातानी ने इस दौरे के दौरान 'मोनोगामी' क्लास फ्रिगेट के साझा विकास के लिए वार्ता का प्रस्ताव रखा, जो पिछले कुछ वर्षों से रुकी हुई थी। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने रक्षा मंत्री रहते हुए इसमें रुचित दिखाई थी। ये जहाज सामान्य डेस्ट्रॉयर की तुलना में आधे चालक दल के साथ काम कर सकते हैं। हालांकि, इस वार्ता में पूर्व राष्ट्रपति जोको विडोडो के कार्यकाल में इसलिए रुकावट आई, क्योंकि इंडोनेशिया ने अपनी राजधानी को स्थानांतरित करने में बड़ी रकम निवेश की थी। अब जापान, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के साथ भी मोनोगामी क्लास फ्रिगेट के साझा विकास पर विचार कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया इस साल के मध्य में इस साझेदारी पर फैसला ले सकता है।

### इंडोनेशिया जापान के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक क्षेत्र: जनरल नकातानी

नकातानी ने बैठक के बाद मीडिया के सामने कोई टिप्पणी नहीं की। लेकिन एक बयान में कहा कि वह दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा, इंडोनेशिया रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र है और हमारे समुद्री मार्गों के लिए महत्वपूर्ण है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों ने समुद्री सुरक्षा पर सलाह-मशविरा करने पर भी सहमति जताई।

# ओले, तूफान, भारी बारिश.. मक्का और मदीना में आई बाढ़, पूरा सऊदी अरब हाई अलर्ट पर




**सऊदी अरब।** सऊदी अरब का जब जिक्र होता है तो हमारे दिमाग में मक्का, मदीना और रेगिस्तान की तस्वीर बनती है। लेकिन अब यहां के हालात बदल गए हैं। भारी बारिश के बाद भीषण बाढ़ आ गई है। मक्का और मदीना के ज्यादातर हिस्सों में खास तौर से जेद्दा शहर और गवर्नरेट के अन्य क्षेत्रों में ओलावृष्टि और तूफान के साथ भारी बारिश हुई। बारिश के बाद आई बाढ़ से काफी नुकसान हुआ है। मीडिया रिपोर्ट की माने तो बारिश बुधवार को भी जारी रह सकती है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में शहर आंशिक रूप से जलमग्न दिखाई दे रहे हैं।

### लाखों मुस्लिम आते हैं हज और उमरा करने

सऊदी अरब में मक्का मदीना बेहद पवित्र तीर्थ स्थल है। यहां दुनियाभर से हर वर्ष लाखों मुसलमान हज और उमरा करने के इन शहरों में आते हैं। मगर इन दिनों भयंकर बारिश ने पूरे सऊदी का माहौल बदल दिया है। भारी बारिश के कारण सऊदी के कई शहर डूब गए हैं। आगे भी ऐसी स्थिति बने रहने की चेतावनी जारी की गई है।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने की जनसुनवाई

## कहा, हर शिकायत का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, शिकायतकर्ता से लें फीडबैक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में इन्द्र विक्रम सिंह ने जनसुनवाई की। जिलाधिकारी द्वारा जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों एवं आवेदनों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाता है, जिसके चलते जिलाधिकारी को शिकायतकर्ता अपनी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों को प्रेषित करने हेतु भीड़ लगी रहती है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त व्यक्तियों के शिकायती पत्रों को बड़ी गम्भीरता से पढ़ा जाता है और उन्हें सुना जाता है। अधिकांश मामलों को जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित कर दिया जाता है और शेष शिकायतों को वाट्सअप आदि के माध्यम से संबंधित अधिकारी को निराकरण के लिए भेज दिया जाता है। शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए भी निर्देशित कर दिया जाता है।

जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं एवं प्राथियों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़े से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें।

# निर्वाचक नामावलियों की अंतिम प्रकाशन सूची प्रकाशित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन, कार्यालय पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गाजियाबाद रणविजय सिंह की अध्यक्षता में समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अवगत कराया कि अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांकः 7 जनवरी 2025 को जनपद में अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों पर बी.एल.ओ. के द्वारा किया गया है।

उक्त अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची जन सामान्य के प्रयोगार्थ एक सप्ताह तक मतदेय स्थलों पर प्रकाशित रहेगी।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा मैम्बर सिंह डिलिवरी ऐसी करते हैं जैसे हो कहीं के किंग? सुना है उन्होंने अपने क्षेत्र के ग्रुप पर बात लिख दी जोरदार? कहा मंडल अध्यक्षों के लिए उम्र की सीमा ऐसे निर्धारित की गई है? जैसे पार्टी कर रही हो उनको भारत सरकार की नौकरी देने पर विचार? हमें तो समझ ही नहीं आ रही है ऐज फैक्टर वाली बात? पार्टी का काम ही तो करना है, कौन सा निभाना है सरकारी कामकाज?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर विधायक क्या बने? सुना है मंडल अध्यक्ष वाले मैटर पर करने वालों ने उनसे नहीं की कोई खास चर्चा? पता चला है उनकी विधानसभा वाले मंडल अध्यक्षों पर तो ली गई उनसे राय? मगर शहर और साहिबाबाद वाली चर्चा से कर दिया गया उनको ओके-टाटा-बॉय-बॉय? इन विधानसभाओं पर किसी ने भी नहीं किया भगवा कमांडर को याद? भले ही वो विधायक बन गये हों, मगर तीन विधानसभाओं के महानगर अध्यक्ष वो हैं आज?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के क्रान्तिकारी भगवा झा का जनरली साहब से रिश्ता है बहुत ही खास? हमने देखा जब भी साहब गाजियाबाद आते हैं, तो वो नजर आते हैं उनके आस-पास? जब तमाम दावेदारों ने बनायी थी स्वागत वाले कार्यक्रम से दूरी? तब भी भगवा झा ने नहीं समझी कोई मजबूरी? डटे रहे वो पूरे स्वागत के दौरान? गुटबाजी से दूर होने का वो देते हैं पैगाम? हमने देखा आजकल उन्होंने भगवा कमांडर से लगातार लगाई हुई है अपने दिल की अरदास? पहनना चाहते हैं वो इस बार महामंत्री वाला ताज?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के मंडल अध्यक्ष के दिल को उस वक्त ना जाने कितना बुरा हुआ होगा फील? जब सरकारी कर्मचारी उनके ओयो होटल को कर रहे थे सील? सुना है वो किराये पर कर रहे थे इस होटल को संचालित? उनकी होटल की तरक्की को देख कर लगी हुई थी कई दिलजलों के दिल में आग? अब तो होटल सील हो चुका है, इस कहानी के पीछे कौन है ये पता नहीं चल रहा है साहब?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम 9 जनवरी को बात देखना चाहते हैं साफ और सीधी? जब होगा अध्यक्ष पद का नामांकन? तब क्या नामांकन दाखिल करेंगी उदिता और रनिता दीदी? कहने वाले ने कहा अगर दोनों नामांकन दर्ज करेंगी एक साथ? तब अपने आप सामने आयेगा दूरियों का एहसास? अगर दोनों में से कोई एक करेगा नामांकन दर्ज? इससे साबित हो जायेगा दोनों दीदीयां पूरी शिद्दत से निभा रही हैं दोस्ती का फर्ज?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या लाईन पार से भी आयेगी इस बार महानगर अध्यक्ष को लेकर दावेदारी की आवाज? क्या शुक्ला जी भी भरेंगे यहां से पर्चा? या फिर खामोश रहेगी उनकी आवाज? हमारी तो है यहां के दो ओबीसी चेहरों पर भी नजर? गागर में सागर भरने वाले नागर और रेड से फेस वाले मिस्टर मैन क्या दिखायेंगे 9 तारीख को पर्चा भरने की अदावत? या फिर खामोशी से देखेंगे वो पूरा सीन? देगें संदेश कि अब राजनीति से ले ली है हमने राहत?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के सौंफ वाले मिस्टर शर्मा से भगवा झा का पुराना है लड़ाई वाला इतिहास? सिर्फ अटल जी वाले मैटर में ही नहीं दोनों के बीच में कई वर्ष पहले भी हो चुकी है आपस में बकवास? उस वाली लड़ाई में तो हो गई थी दोनों में से एक चेहरे पर जबरदस्त चढ़ाई? बातें दोनों एक दूसरे को ऐसी बोल देते हैं जिससे हो जाता है बीपी हाई? सुना है झा एंड टीम इस बार हर सूरत में चाहती है सौंफ वालों की विदाई?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पहलवान के प्रिय मंडल अध्यक्ष मंगलवार को दोपहर 12.30 बजे कमांडर के पास लेकर गये थे अपने मन की आस? वो पता करना चाह रहे थे कि क्या हुआ है उनका मंडल वाले मैटर में रास्ता साफ? हमने देखा कमांडर के चेहरे पर नहीं थे कोई खास भाव? ये भाव दे रहे थे कहीं ना कहीं पंजाबी चेहरे के दिल में घाव? हमसे देखा नहीं जा रहा था ये दिल टूटने वाला तमाशा? सामने से कमांडर ने दिया कुछ ऐसा जवाब? जिसके बाद फैल गई निराशा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे कहीं पर, वहां पर विधायक जी पूरे गौरव से कर रहे थे सौलंकी के पराक्रम की बात? कितनी मजबूत है इस चेहरे की अध्यक्ष वाली दावेदारी? इस बात का वो करा रहे थे एहसास? कह रहे थे ठाकुर दावेदारों में ये चेहरा है काफी सीनियर? ठाकुर फैक्टर पर इसको नहीं कर सकते हैं इग्नोर? कहने वाले ने कहा विधायक जी ने इसके बाद कुछ नहीं कहा? मगर हमें महसूस हुआ कि इस डॉयलाग डिलीवरी से कहीं ना कहीं किसी का चमन किया जा रहा है कमजोर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जो सोच रहे है कि जिले से बड़े वाले प्रशासनिक अधिकारी की जल्द हो जायेगी विदाई? हमें पता चला है कि फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं होने जा रहा है भाई? अभी ढाई से तीन महीने तक वो और खेलेंगे यहां पर पारी? उनकी इस पारी के आदेश हो गये हैं ऊपर से जारी? वैसे भी इन अधिकारी का अंदाज बताया जाता है सभी पर भारी?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# रोटरी क्लब ने सिहानी में लगाया मासिक हेल्थ चेकअप शिविर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट द्वारा नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज, सिहानी में मासिक हेल्थ चेकअप शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 150 छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। इस मौके पर डॉ. विनीत जैन, डॉ. सुरेखा जैन ने किया, छात्राओं और उनके अभिभावकों की भी स्वास्थ्य जांच की। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष वरुण गौर, पीपी सुरेंद्र शर्मा, रो. एच. के. जोशी, रो. प्रवीण शर्मा, रो. पुष्कर गोयल, रो. अश्वनी शर्मा और स्कूल की प्रधानाचार्य सत्यवीर कौर भी उपस्थित थीं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल ने किया दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

## युवाओं में छिपी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच की आवश्यकता : देवेंद्र कुमार





**हापुड़, करंट क्राइम।** नेहरू युवा केंद्र हापुड़ के तत्वावधान में तथा उपनिदेशक देवेंद्र कुमार के निर्देशन में डीएवी पब्लिक स्कूल हापुड़ में दो दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देव पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल विनीत त्यागी ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिताओं में टीम खेल मे लड़कियों की कबड्डी, लड़कों की वॉलीबॉल तथा व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में लड़कों की कुश्ती तथा 400 मी. दौड़। लड़कियों के लिए बैडमिंटन तथा स्लो साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने कहा कि इन खेलकूद प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं के बीच खेल के प्रति बढ़ावा देने तथा युवाओं को एक मंच उपलब्ध कराना है। प्रधानाचार्य विनीत त्यागी ने कहा, आप स्कूल स्तर से ही अपनी तैयारी शुरू करोगे और निरंतर अभ्यास जारी रखोगे तो खेल में एक दिन ऊंचाई तक पहुंच पाओगे। पुरस्कार वितरण में डॉ. विनीत त्यागी, देवेंद्र कुमार उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र हापुड़, सौरभ तोमर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम अदनान दूसरा स्थान देवांश तीसरा हर्षित रहे।

सचिन रावत, सचिन चौधरी, महेंद्र, विवेक चौधरी, ऋतिक रावत, योगेंद्र सिरोही, रूपाक्षी शर्मा तालिब अन्य लोग उपस्थित रहे। नेहरू युवा मंडल, खेड़ा के अध्यक्ष सौरभ तोमर ने खेल के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# इंदिरापुरम वार्ड 79 की सीवर ओवरफ्लो की समस्या को लेकर जीडीए व नगर निगम पहुंचे वार्ड के लोग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 79 के न्याय खंड प्रथम में लगातार एक माह से क्षेत्र में हो रही सीवर ओवरफ्लो की समस्या को लेकर वार्ड के लोग गाजियाबाद जीडीए व नगर निगम पहुंचे। पूर्व पार्षद मीना भंडारी का कहना है कि वार्ड 79 के न्याय खंड एक में सिविल की समस्या ने इतना विकराल रूप ले लिया है कि लोगों का घर में रहना भी मुश्किल हो गया।

बच्चे स्कूल जाने बंद हो गए हैं, न्याय खंड के निवासियों को पीने के पानी में सीवर युक्त पानी मिल रहा है। नीचे ग्राउंड फ्लोर के मकान में अंदर घरों के अंदर सीवर का पानी भर गया है लोग अपने घरों में कैद हो चुके हैं, न्याय खंड प्रथम सीवर ओवरफ्लो के कारण जलमग्न हो गया है, स्थिति बहुत विकराल रूप धारण कर चुकी है, इससे निजात पाने के लिए मंगलवार को क्षेत्र के लोग जीडीए वीसी एवं नगर निगम मे नगर आयुक्त व नगर निगम जलकर जीएम से मिलकर ज्ञापन के द्वारा अपनी समस्या से अवगत कराया। दोनों विभागों में अल्टीमेटम दिया कि यदि 48 घंटे के अंदर समस्या का निस्तारण नहीं होता तो वहां की जनता सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी। इस अवसर पर मीना भंडारी, प्रमोद तिवारी, संजीव भारद्वाज, सुरेश सिंह रावत, रविंद्र तिवारी, अशोक कुमार आदि लोग मौजूद है.।

# ट्रक ने मारी कार को टक्कर

## एक की हुई मौत, तीन गंभीर




**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक ट्रक ने आगे चल रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने ट्रक चालक के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक आलमगीर जिला मैनपुरी निवासी प्रमोद ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनका भाई अभिषेक (25), बुआ का लड़का दिलीप, बुआ की लड़की वंदना और उसके पति दिनेश के साथ कार से मथुरा वृंदावन घूमने के लिए गए।



सोमवार की देर रात सभी लोग यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते दिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान रबूपुरा एरिया में यमुना गौर सिटी के पास पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही से कार को टक्कर मार दी थी।

इस हादसे में उनके भाई अभिषेक की मौत हो गई थी। वहीं वंदना, दिनेश और दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी घायलों का नोएडा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया था।

पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी ट्रक चालक की पहचान कर उसको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आई.टी.एस. गाजियाबाद में टेक्निकल पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता 'अन्वेषण 2025' का भव्य आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.टी.एस., मोहन नगर, गाजियाबाद में एम.सी.ए. विभाग द्वारा एक टेक्निकल पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता 'अन्वेषण 2025' का भव्य आयोजन किया गया।

आई.टी.एस समूह के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने हर्ष व्यक्त किया तथा सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आई.टी.एस. मोहन नगर के आई.टी. तथा स्नातक परिसर के निदेशक डॉ. सुनील कुमार पांडेय ने समस्त छात्रों एवं प्रतियोगियों को शुभकामनाएं दीं।

प्रत्येक प्रतिभागी ग्रुप के साथ एक संकाय सदस्य को उनके मेंटर के रूप में संयुक्त किया गया था। इन सभी पोस्टर्स को एक चार सदस्यीय निर्णायक मंडल जिसमें प्रयोशा फूड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के अमित पांडेय, तवंत टेक्नोलॉजीज के यश मेंदीरत्ता, विप्रो के सुभाष कुमार तथा सोपरा स्टीरिया के नितिन प्रकाश सिंह सम्मिलित थे, की संस्तुतियों के आधार पर क्रमशः निधि गोस्वामी एवं मुस्कान रानी, शिप्रा एवं प्रियांशी सैनी, सोनल यादव एवं सुमन यादव, शिवांश त्यागी एवं रिया कुमारी तथा प्रिया जायसवाल एवं आस्था यादव को चुना गया तथा शीर्ष पांच टीमों को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी तथा प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एम.सी.ए. कार्यक्रम के सभी छात्र, एवं संकाय सदस्यगण उपस्थित थे।

# गौकशों के साथ पुलिस की मुठभेड़

## औजारों की बरामदगी के दौरान कर दी फायरिंग

### पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में लगी गोली



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना मसूरी इलाके में गौकशी के दो आरोपियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। दरअसल यह दोनों गौकश पुलिस को गौकशी के औजार बरामद करवाने के लिए ले जा रहे थे। इस दौरान पहले से छुपाए हथियार से इन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है। गाजियाबाद में एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 4 जनवरी को थाना मसूरी पर गांव नाहल निवासी बॉबी ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उनकी गाय चोरी हो गई है। पुलिस को गाय के अवशेष ढ़ाबारसी के जंगल में मिले थे। इस मामले में कई टीमों का गठन किया गया था। जिसके बाद दो आरोपी फैजान और इस्तकार को गिरफ्तार किया था।

फैजान जहां नाहल गांव का रहने वाला है, वहीं इस्तकार ढ़ाबारसी गांव का रहने वाला है। गिरफ्तारी के बाद इन दोनों आरोपियों ने गौकशी के औजार की बरामदगी के लिए पुलिस को ढ़ाबारसी के जंगल में ले गए। वहां इन्होंने पहले से छुपाए हथियार से पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में फैजान और इस्तकार के गोली लगी है। इनके कब्जे से पुलिस ने तमंचा कारतूस छूरा और गौवंश के अवशेष बरामद किए हैं।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पार्षद उमेश पप्पू नागर के लिए एक तारीख 2 खुशियां लेकर आती है। उनकी पत्नी तथा उनके बेटे अर्जुन का जन्मदिन एक साथ एक तारीख को होता है। पार्षद उमेश पप्पू नागर ने इस खुशी को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।